


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 198 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 6 मई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




बस्तर दौरे के दौरान छलका स्वास्थ्य मंत्री का दर्द, बोले-

# एसपी-कलेक्टर मिलने नहीं आए, शिष्टाचार तो होना चाहिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** भूपेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव इन दिनों अपने बस्तर दौरे पर निकले हैं। इस दौरान वे अपने विभाग की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने और उसे सुधार करने की कोशिश भी कर रहे हैं। अपने बस्तर दौरे में सबसे पहले वो दंतेवाड़ा पहुंचे और फिर गुरुवार को जगदलपुर पहुंच कर मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बैठक कर स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान टी एस सिंहदेव ने विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा भी की। चर्चा के दौरान उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि इस दौरे में उन्हें यह नया सा लगा कि उनसे मिलने दंतेवाड़ा और जगदलपुर में एसपी और कलेक्टर दोनो नहीं पहुंचे। दोनो ही जिलों के अधिकारी उनसे उम्र में काफी छोटे हैं, यदि उनके बच्चे होते तो ये अधिकारी उनके बच्चों के उम्र के होते।

ऐसे में अधिकारियों के कम से कम इतना शिष्टाचार तो होना ही चाहिए कि कोई आपसे बड़ा या प्रोटोकॉल में बड़ा आए तो आपको कम से कम मुलाकात करने आना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि आप मुझसे मिलने आ जाते तो छोटे नहीं हो जाते और मुझसे मिलने नहीं आए तो मैं छोटा नहीं हो गया यह तो व्यवस्थाओं का शिष्टाचार है।



## अपनी पार्टी के ही स्थानीय विधायक और महापौर भी नहीं पहुंचे मिलने

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने अपने बस्तर दौरे को लेकर पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह उनका दौरा उनके विभाग के कामकाज को जमीनी स्तर पर जांचने के लिए है। रायपुर में बैठ कर जो तस्वीरें नजर आती हैं वो जमीन पर नहीं होती। ऐसे में मौके पर पहुंच कर मुआयना करने से हकीकत की जानकारी मिलती है और सुधार की गुंजाइश बनती है। इस सुधार कार्य में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी होती है, पर जगदलपुर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री से स्थानीय स्वास्थ्य संबंधी समस्या को लेकर न तो स्थानीय विधायक रेखचंद जैन ने मुलाकात की और न ही महापौर सफीरा साहू ने। ऐसे में आज पूरे दिन शहर में यह भी चर्चा बनी रही कि जब महारानी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है तो स्थानीय विधायक और महापौर को इन समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाना चाहिए था, पर राजनीतिक द्वंद या अन्य किसी वजह से जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात न करना क्षेत्रवासियों के प्रति गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

## भाजपा के पूर्व विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर बताई क्षेत्र की समस्याएं

स्वास्थ्य मंत्री के बस्तर दौरे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं से उन्हे अवगत नहीं करवाया गया। पर भाजपा के पूर्व विधायक और विपक्ष के नेता संतोष बाफना ने इस दौरान अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एयरपोर्ट पहुंच कर बस्तर की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाते हुए इसमें सुधार करवाने का निवेदन किया है। इस संबंध में भाजपा नेता संतोष बाफना ने कहा कि बस्तर जिले के एनएमडीसी स्टील प्लांट को राज्य सरकार द्वारा 2008 में जमीन उपलब्ध करवाने के बावजूद अब तक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निर्माण की शुरुवात नहीं की गई है। जिसके संबंध में निवेदन दिया गया है।

## खास खबर

### दंतेवाड़ा में पुलिस-नक्सली के बीच मुठभेड़, डीआरजी जवानों ने माओवादियों को घेरा, दोनों तरफसे गोलीबारी जारी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों ने नक्सलियों को घेरा है। मुठभेड़ अभी जारी है। नक्सलियों के बड़े कैडर के जमावड़े की सूचना पर जवान सर्चिंग पर निकले थे। मुठभेड़ की पुष्टि दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने की है।

मिली जानकारी के मुताबिक अरनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में भारी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद गुरुवार की रात ऑपरेशन लांच किया गया। सर्चिंग करते हुए डीआरजी जवान जंगल में पहुंचे तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और नक्सलियों को घेरा है। नक्सलियों के कई बड़े कैडर्स के साथ जवानों की मुठभेड़ अभी जारी है।

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने की वजह से अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। जवानों के वापस लौटने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल मुठभेड़ जारी है और दोनों तरफसे रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। डीआरजी के जवानों ने नक्सलियों को घेर लिया है। अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

### अमित शाह के दौरे के बीच भाजपा कार्यकर्ता की हत्या, स्वागत समारोह के सभी कार्यक्रम रद्द

**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे के बीच कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला है। जानकारी के मुताबिक, फांसी के फंदे से लटका हुआ उसका शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान काशीपुर विधानसभा निवासी अर्जुन चौरसिया के रूप में हुई है। 27 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर भारतीय जनता पार्टी ने शोक व्यक्त किया है। पार्टी की ओर से बयान जारी कर बताया गया है कि कोलकाता में अमित शाह के स्वागत समारोह के सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसयी बंगाल दौरे पर हैं। वह पश्चिम बंगाल में रैलियां कर रहे हैं और टीएमसी व ममता बनर्जी पर निशाना साध रहे हैं। गुरुवार को सिलिगुड़ी रैली में उन्होंने एक बार फिर से सीएए लागू करने के संकेत दिए।

## सेक्टर 7 वार्ड 66 में लगा दाई-दीदी क्लीनिक व मोबाइल हेल्थ सेंटर, स्वाथ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने भी कराया परीक्षण




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के प्रयासों से वार्ड 66 सेक्टर 7 मार्केट में शुक्रवार को दाई-दीदी क्लीनिक व चलित उपचार केंद्र लगाया गया। इस मौके पर सेक्टर 7 के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। यही नहीं स्वयं लक्ष्मीपति राजू ने भी चलित उपचार केंद्र में पहुंचकर अपना हेल्थ चेकअप कराया।

बता दे मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य योजना के तहत छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल द्वारा आम जनमानस की छोटी बड़ी जरूरतों को समझा जा रहा है। लोगों के स्वास्थ की रक्षा के लिए भूपेश सरकार द्वारा संचालित चलित उपचार केंद्र व दाई-दीदी क्लीनिक को अच्छा रिस्पांस मिला है। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के निर्देश पर वार्ड 66 सेक्टर-7 के पार्षद लक्ष्मीपति राजू द्वारा अपने क्षेत्र की जनता के लिए दाई-दीदी क्लीनिक व चलित उपचार केंद्र लगाया गया।

### सुबह से दिखी लोगों की भीड़

चलित उपचार केंद्र के माध्यम से सेक्टर-7 के लोगों को छोटी बड़ी स्वास्थ्य समस्या की जांच की गई। चलित उपचार केंद्र के वार्ड में पहुंचते ही लोगों की भीड़ लग गई। पंजीयन के बाद एक-एक कर डॉक्टर अथवा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने परीक्षण शुरू किया। यहां पर ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई और जरूरत के अनुसार सभी को दवाइयां भी दी गई। इस दौरान चलित उपचार केंद्र में 42 प्रकार के जांच पूरी तरह निशुल्क किए गए।



### लोगों का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी : लक्ष्मीपति राजू


उक्त चलित उपचार केंद्र के संदर्भ में भिलाई निगम के स्वास्थ्य प्रभारी व स्थानीय पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि कोरोना संक्रमण के इस दौर लोगों का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। अक्सर देखा गया है कि छोटी मोटी स्वास्थ्य समस्याएं होने पर लोग अस्पताल नहीं जा पाते। इसलिए हमने अस्पताल को ही लोगों के बीच ला दिया। यहां स्थानीय लोग बेझिझक पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। सरकार की योजना के अनुसार यहां पर 42 प्रकार के जांच पूरी तरह निशुल्क किए गए। वहीं कुछ लोगों को गंभीर समस्या होने पर बड़े अस्पताल जाने की सलाह भी दी गई वहीं कई लोगों को सरकार की इस योजना के तहत नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। आज के इस हेल्थ कैंप में 300 से ज्यादा लोगों ने पहुंचकर अपना हेल्थ चेकअप कराया है।

## सीएम बघेल का ताबड़तोड़ एक्शन, सीएमओ के बाद इंजीनियर निलंबित, कहा एक लापरवाही गरीब परिवारों पर पड़ती है भारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नायक फिल्म में मुख्यमंत्री का किरदार निभाए अनिल कपूर की तरह एक्शन मोड में नजर आए। वहीं सीएम बघेल जहां पर भी पहुंच रहे हैं उनके सामने शिकायतों और समस्याओं का अंबार लगा हुआ है जहां पर उन्होंने तत्काल शिकायतों और समस्याओं पर ताबड़तोड़ फैसला ले रहें हैं। इसी क्रम में उन्होंने जल संसाधन विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (ईई) को अंतराज्यीय परियोजना के डूबान प्रभावितों को मुआवजा वितरण एवं पुनर्वास में गडबड़ी की शिकायत मिलने पर तत्काल निलंबित कर दिया। कुछ ही मिनटों में मंत्रालय से ईई का निलंबन आदेश भी जारी हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहें। एक लापरवाही गरीब परिवारों पर भारी पड़ती है। उन्होंने प्रदेश में गोबर के बाद गौ-मूत्र खरीदने एवं हर जिले के 10 वीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्रों को हेलिकॉप्टर से यात्रा कराने की घोषणा की है।

90 विधानसभा के प्रवास की शुरुआत मुख्यमंत्री बघेल ने उत्तरी छोर के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले से की है। राजपुर में रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री बलरामपुर एवं रामानुजगंज पहुंचे। रामानुजगंज में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शिकायत मिली कि जल संसाधन विभाग के ईई के द्वारा उत्तरप्रदेश में कन्हर नदी में बन रहे अमवार बांध के डूबान क्षेत्र प्रभावितों को



मुआवजा वितरण एवं पुनर्वास में गड़बड़ी तथा लापरवाही की गई है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल जल संसाधन के ईई उमाशंकर राम को निलंबित करने का आदेश दे दिया। कुछ ही मिनटों में ईई उमाशंकर राम का निलंबन आदेश मंत्रालय से जारी भी हो गया। अमवार डेम में बलरामपुर जिले के कृषकों की जमीनें डूब रही हैं। मुआवजा वितरण के लिए यूपी से 70 करोड़ मिले थे।

### गौ-मूत्र भी खरीदेगी सरकार, मेधावी छात्रों को गिफ्ट

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में गोबर के बाद गौ-मूत्र भी खरीदने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर खरीदी योजना से गरीबों को एक बड़ा आसरा मिला है। सरकार अब गौ-मूत्र खरीदेगी एवं उसका प्रसंस्करण करेगी। मुख्यमंत्री ने हर जिले के 10 वीं एवं 12 वीं के अव्वल छात्रों को हेलिकॉप्टर उड़ान के गिफ्ट की घोषणा करते हुए कहा कि इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा बढेगी और छात्र उत्साहित होकर पढ़ाई करेंगे।

### नहीं है ऑल इज वेल, मुख्यमंत्री ने चेताया

बलरामपुर जिले के प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हिदायत देनी पड़ी कि अधिकारी-कर्मचारी अपने क्षेत्रों मे मुस्तैद रहें। उनकी एक लापरवाही गरीब परिवार पर भारी पड़ती है। अधिकारियों की कार्यकुशलता, व्यवहार एवं लोगों से संपर्क से ही सरकार की छवि बनती है। अधिकारी सुनिश्चित करें कि लोगों को योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ मिले। जब मुख्यमंत्री बलरामपुर के दौरा-कोचली पहुंचे तो उन्हें राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्त नहीं होने की शिकायत मिली तो उन्होंने इसे दुरूस्त करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड नहीं बन पाने की शिकायत मुख्यमंत्री को मिली तो उनके निर्देश पर 67 वर्षीय महिला काबिलासो दाई को तत्काल राशन कार्ड जारी किया गया। इससे पहले बुधवार को बीपीएल सूची से नाम कटने एवं राशन कार्ड नहीं बनने की शिकायत पर कुसमी नपं सीएमओ को निलंबित किया गया था।

## हाईकोर्ट ने कहा: मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाना मौलिक अधिकार नहीं, याचिका खारिज

**प्रयागराज (एजेंसी)।** मस्जिदों व अन्य धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने के योगी सरकार के फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी मुहर लगा दी है। कोर्ट ने मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति मांगने की याचिका को खारिज करने के साथ ही कहा कि मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाना किसी का भी मौलिक अधिकार नहीं है। यह कहते हुए हाईकोर्ट ने बदायूं की नूरी मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति की मांग वाली याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाकर अजान देना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है। इसको लेकर बदायूं के एसडीएम ने मस्जिद पर लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति न देने के उचित कारण भी बताए। यह आदेश न्यायमूर्ति वीके बिड़ला और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने इरफान की याचिका पर दिया है।

कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। याची का कहना था कि एसडीएम बिसौली का आदेश अवैध है। इससे याची के मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाकर अजान पढ़ने के मूल अधिकारों व कानूनी अधिकार का हनन किया गया है। इस वजह से एसडीएम का तीन दिसंबर 21 का लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति न देने का आदेश रद्द किया जाए। याची ने 20 अगस्त 21 को अर्जी दी थी, जिसे एसडीएम ने निरस्त कर दिया।

## हृदयविदारक घटना: पहले दो मासूम बच्चों को दिया जहर, फिर फांसी लगा पति-पत्नी ने की आत्महत्या

**कांकेर (एजेंसी)।** कांकेर जिले में गुरुवार की रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। कांकेर के एक लॉज के कमरे में दो बच्चों समेत पति पत्नी के शव पाए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे कांकेर एसपी शलभ सिन्हा ने प्रारंभिक जांच के बाद जानकारी देते हुए बताया कि मृतक परिवार रायपुर का निवासी है और बुधवार की शाम मोटरसाइकिल से कांकेर के बस स्टैंड स्थित बस्तर लॉज पहुंचा था। गुरुवार को पूरे दिन जब कमरे से कोई बाहर नहीं निकला और कमरे में किसी तरह की हलचल नजर नहीं आई तो लॉज के कर्मचारियों ने किसी



अनहोनी की आशंका से इसकी जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा खोला तो कमरे की स्थिति देख सबके होश उड़ गए। कमरे में बिस्तर पर दो मासूम बच्चों के शव पड़े हुए थे और उनके मुंह से झाग निकल रहा था, वहीं पंखे से उनके माता-पिता का शव फंदे में झूल रहा था। प्रथम दृष्ट्या मामले की जांच के आधार पर कांकेर एसपी ने बताया कि संभवत: पहले दोनों बच्चों को जहर दिया गया और फिर दोनो पति पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, इस दौरान दोनों ने एक दूसरे के हाथ भी बांध दिए थे। मृतकों की शिनाख्त रायपुर निवासी जितेंद्र देवांगन, पत्नी सविता और दो बच्चे गुनगुन और टुकटुक के रूप में की गई है।

एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि देर रात तक मृतकों के परिजनों से संपर्क हो पाया है। मृतक परिवार रायपुर के रायपुरा क्षेत्र का निवासी है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक परिवार के परिजन सदमे में हैं और देर रात सभी कांकेर पहुंच गए हैं। मामले में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद उन्हें शव सौंपा जाएगा और आगे की पूछताछ की जाएगी, जिससे पूरे मामले का खुलासा किया जा सके।

### हंसते खेलते होटल के कमरे में घुसते सीसीटीवी में नजर आया था पूरा परिवार

एक ही परिवार के चार सदस्यों की आत्महत्या करने की खबर ने पूरे शहर को हिला कर रख दिया है। वहीं जांच के दौरान होटल के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए, जिसमें होटल के कमरे में घुसने से पहले पूरा परिवार नजर आ रहा है। वीडियो में दोनों बच्चे हंसते खेलते हुए नजर आ रहे हैं। होटल के कर्मचारियों ने भी बताया कि पूरा परिवार जब होटल पहुंचा था तो किसी के चेहरे में कोई शिकन नजर नहीं थी और ना ही उनका व्यवहार ऐसा नजर आया कि कोई शंका कर सके।



## संपादकीय

# चुनाव की ओर

देश के लिए यह किसी खुशखबरी से कम नहीं कि जम्मू-कश्मीर ने चुनाव की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग ने गुरुवार को केंद्रशासित प्रदेश के परिसीमन के अंतिम प्रारूप पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आयोग या पैनल को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा एवं संसदीय क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से परिभाषित करने का काम सौंपा गया था। खास बात यह कि पैनल ने महज दो वर्ष के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। जम्मू-कश्मीर में इसके पहले जब परिसीमन हुआ था, तब सात साल का समय लग गया था। अत: सरकार की ओर से भी जो जल्दी दिख रही है, उसका स्वागत होना चाहिए। कश्मीर में जल्द से जल्द हालात सामान्य बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिशों का सिलसिला चलते रहना चाहिए। इस रिपोर्ट से खासकर कश्मीरवासियों का तंत्र पर भरोसा बढ़ेगा।

> दावे के साथ कहा जा सकता है, यह जन-आकांक्षाओं से प्रेरित रिपोर्ट है और आगे भी लोग वहां अपनी लोकप्रिय सरकार बनाएंगे। आतंकवाद व अलगाववाद का कहर घटेगा। कश्मीर एक सशक्त लोकतांत्रिक भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां संगीनों की जरूरत स्वाभाविक ही कम होती चली जाएगी।

अगर चुनाव कराने की योजना न होती, तो परिसीमन के काम को लंबा खींचा जा सकता था। वाकई सरकारें जब त्वरा गति से काम करती हैं, तो उससे सरकार के प्रति आम लोगों का विश्वास बढ़ता है। इस पैनल का कार्यकाल दो बार बढ़ाया गया, लेकिन इसके बावजूद जल्दी रिपोर्ट देने के लिए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाला पैनल प्रशंसा का हकदार है और इससे ऐसे ही दूसरे विधानसभा या संसदीय क्षेत्र परिसीमन प्रयासों या अभियानों को प्रेरणा मिलेगी।

बहरहाल, अब एक गजट अधिसूचना जारी होगी और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की सीटों में शुरुआती सूचना के अनुसार, सात अंकों का इजाफा हो जाएगा। जम्मू क्षेत्र में छह सीटें बढ़ी हैं और घाटी में एक सीट। जम्मू और कश्मीर के बीच का राजनीतिक अंतर कम हो जाएगा। लद्दाख पहले ही अलग हो गया है, अत: जम्मू-कश्मीर में 83 विधानसभा सीटें रह गई थीं, लेकिन परिसीमन के बाद कुल 90 सीटें हो जाएंगी। बहरहाल, अधिसूचना जारी होने के बाद ही निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या और उनका आकार सार्वजनिक हो पाएगा। उसके बाद ही वहां राजनीतिक दलों की गतिविधियां भी तेज होंगी। अभी जून 2018 से वहां निर्वाचित सरकार नहीं है। साल 2019 में केंद्र सरकार ने बहुत बड़ा फैसला लिया था और विशेष दर्जे की समाप्ति, राज्य का विभाजन व केंद्रशासित प्रदेश बनाने के बाद लगभग दुनिया भर से प्रतिक्रियाएं आई थीं। कुछ देशों ने तो अतिशयोक्ति करते हुए ऐसे प्रचारित किया था, मानो भारत ने अपने एक राज्य के साथ बड़ी नाइंसाफी कर दी है। अब परिसीमन की रिपोर्ट से भारत विरोधियों को एक तरह से झटका लगेगा और जब चुनाव होंगे, तब एक नया ही जम्मू-कश्मीर दुनिया देखेगी। उसके बाद राज्य का दर्जा भी वापस मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव के बाद राज्य बहाली का वादा किया है।

गौर करने की बात है कि यह महत्वपूर्ण परिसीमन आला अधिकारियों ने बंद कमरों में बैठकर नहीं किया है। रामबन, राजौरी, पुंछ, किश्तवाड़, कठुआ और डोडा जैसे संवेदनशील जिलों के 200 से अधिक प्रतिनिधिमंडलों और संगठनों के सदस्यों से मिलने के बाद रिपोर्ट तैयार हुई है। दावे के साथ कहा जा सकता है, यह जन-आकांक्षाओं से प्रेरित रिपोर्ट है और आगे भी लोग वहां अपनी लोकप्रिय सरकार बनाएंगे। आतंकवाद व अलगाववाद का कहर घटेगा। कश्मीर एक सशक्त लोकतांत्रिक भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां संगीनों की जरूरत स्वाभाविक ही कम होती चली जाएगी।

## सिद्धांत तो ठीक है..

यही मुद्दा है। विशेषज्ञों की राय यह है कि अगर सभी लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ, तो वायरस के नए वैरिएंट पैदा करने की गुंजाइश बनी रहेगी। नया वैरिएंट आया, तो वह पुराने टीकाकरण को बेअसर कर सकता है। इसलिए सबको टीका लगाना जरूरी है। दुनिया भर में इस मुद्दे पर बहस चल रही है।

सुप्रीम कोर्ट का यह व्यवस्था देना कि किसी के शरीर का बिना उसकी सहमति के उल्लंघन नहीं किया जा सकता, निजी स्वतंत्रता की आधुनिक धारणा के अनुरूप है। लेकिन जिस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा, उस पर जरूर बहस की गुंजाइश है। आखिर निजी स्वतंत्रता और बड़े सामाजिक उद्देश्यों के बीच उचित तालमेल बनाना किसी समाज के सामने चुनौती होती है। इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना पड़ता है। ख्याल करने की बात यह होती है कि एक उद्देश्य को पूरा करने की फिक्र में कहीं दूसरे उद्देश्य का उल्लंघन ना हो जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी को भी कोविड टीका लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि कुछ राज्य सरकारों और संस्थाओं के कोविड टीका नहीं लगवाने वाले लोगों पर सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच को लेकर लगाई शर्तें सही नहीं हैं।

> एक वक्त था, जब भारत और इन देशों के बीच खाई थी, लेकिन आज न सिर्फ यह खाई पट चुकी है, बल्कि आपसी रिश्तों में एक गति भी आ गई है। जाहिर है, भारत के पास ढेरों अवसर हैं, और शायद ही वह इनमें चूकना चाहेगा। इसमें यूरोपीय देशों का साथ कितना अहम है, यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दौरे में जाहिर किया।

# यूरोपीय मुल्कों से हमारी ताजा नजदीकी

हर्ष वी पंत, प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन

जिस समय यूक्रेन संकट को लेकर नई दिल्ली और पश्चिमी देशों के बीच सतही तौर पर मतभेद दिख रहे हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जर्मनी, डेनमार्क व फ्रांस का दौरा मुनादी कर रहा है कि भारत और यूरोप अपने सामरिक संबंधों को बेपटरी करने के बजाय उसकी मजबूती के पक्षधर हैं। यह तय था कि तीनों देशों में यूक्रेन मुद्दे को उठाया जाएगा और ऐसा हुआ भी, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह भले सार्वजनिक तौर पर रूस की निंदा नहीं कर रहा, लेकिन वह मानता है कि इस युद्ध से सभी देशों को नुकसान होगा और भारतीय हितों को भी चोट पहुंचेगी। संभवत: इसीलिए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जंग में कोई विजेता बनकर नहीं उभरेगा, और भारत जैसे देशों को, जो स्थिर वैश्विक अर्थव्यवस्था और अपने लोगों की आर्थिक खुशहाली के हिमायती हैं, इस लड़ाई में नुकसान उठाना होगा। मतलब साफ था कि हम इस युद्ध को किसी तरह से जायज नहीं मानते और कूटनीति व बातचीत के जरिये इसका समाधान चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय यात्रा जर्मनी से शुरू हुई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद अपने कदम को पीछे खींचने वाला जर्मनी एक बार फिर खुद को एक बड़ी ताकत के रूप में खड़ा करना चाहता है। जर्मनी की इस मुखरता का फायदा भारत को हो सकता है। फिर, जर्मनी उन देशों में से एक है, जिसने हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर अपनी रणनीति बनाई है। चूंकि यूरोपीय देश इस क्षेत्र को काफी अहम मानते हैं, इसलिए हिंद प्रशांत में आपसी समन्वय को लेकर भारत और जर्मनी की सहमति इस यात्रा की एक बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। जर्मनी यूरोपीय संघ का भी एक अहम देश है, इसलिए वह इसको नीतिगत आकार देने की क्षमता रखता है, जिसका लाभ भारत को हो सकता है।

यहां महत्वपूर्ण यह भी है कि जर्मनी की नई सरकार ने अंतर-सरकारी परामर्श की जो पहली बैठक की, उसमें एक बार फिर नई दिल्ली की अहमियत स्वीकार की गई। भारत और जर्मनी, दोनों देश रूस पर निर्भरता को लेकर भी एकमत हैं। जहां जर्मनी बहुतायत में तेल और गैस रूस से मंगाता है, तो वहीं हमारे ज्यादातर रक्षा उत्पाद मास्को से आते हैं। यह समानता दोनों देशों के हित में है। इसके अलावा, दोनों देश जलवायु परिवर्तन से जुड़े मसलों पर भी आपसी सहयोग बढ़ाने को इच्छुक दिखे। जर्मनी के साथ हमने 'माइग्रेशन ऐंड मोबिलिटी पार्टनरशिप' समझौता भी किया, ताकि आईटी पेशेवरों को इसका लाभ मिल सके। दोनों देशों को इसकी सख्त जरूरत थी, क्योंकि जर्मनी तेजी से बुजुर्ग होती आबादी वाला देश है और उसको पेशेवर नौजवानों की जरूरत है, जबकि भारत अपनी सेवा का दायरा बढ़ाना चाहता है। जाहिर है, इस समझौते के दूरगामी परिणाम होंगे और जर्मनी के साथ हमारा 'पीपुल-टु-पीपुल' रिश्ता मजबूत होगा।



प्रधानमंत्री का अगला पड़ाव डेनमार्क था, जहां दो चीजें महत्वपूर्ण घटित हुईं। पहली, पिछले कुछ वर्षों में हमारी दोस्ती घनिष्ठ हुई है और द्विपक्षीय कूटनीतिक सहयोग भी तेजी से आगे बढ़े हैं। वहां प्रवासी भारतीयों का एक बड़ा तबका बसता है, जिसको प्रधानमंत्री ने संबोधित भी किया। जलवायु परिवर्तन और प्रौद्योगिकी संबंधी नवाचारों को लेकर डेनमार्क के साथ हमारे जो समझौते हैं, उनको आगे बढ़ाने की कोशिश इस यात्रा में हुई। अक्षय ऊर्जा में भी डेनमार्क की तकनीक काफी उन्नत मानी जाती है। ऐसे में, यह भारत जैसे देश के लिए अहम है कि वह डेनमार्क के साथ मिलकर आगे बढ़े। प्रधानमंत्री ने ठीक यही करने का प्रयास किया।

दूसरी बात 'नॉर्डिक', यानी उत्तरी यूरोपीय देशों से जुड़ी है, जिनके साथ भारत ने डेनमार्क को केंद्र में रखकर वार्ता की। इन देशों में डेनमार्क के अलावा नॉर्वे, स्वीडेन, फिनलैंड और आइसलैंड शामिल थे। नॉर्डिक देशों को हम अपनी विदेश नीति में बहुत ज्यादा अहमियत नहीं देते थे, लेकिन इंडिया-नॉर्डिक कौंसिल की इस दूसरी बैठक में भारत ने संजीदगी से भागीदारी की। यह बताता है कि नई दिल्ली अब क्षेत्रीय नजरिये को तवज्जो देने लगी है। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी था, क्योंकि इन सभी की प्राथमिकताएं एक हैं और तकनीकी क्षमता भी कमोबेश समान।

रही बात फ्रांस की, तो वह हमारा एक सबसे अहम कूटनीतिक सहयोगी है। यूक्रेन मसले पर भी दोनों देशों के रुख समान हैं। आज नरेंद्र मोदी और इमैनुएल मैक्रों ही ऐसे नेता हैं, जो व्लादिमीर पुतिन से सीधे फोन पर बात कर सकते हैं। दोनों देश मानते हैं कि रूस के साथ बातचीत के रास्ते खुले रहने चाहिए, इसलिए भारत और फ्रांस का अंतरराष्ट्रीय राजनीति को लेकर नजरिया काफी अहम माना गया है। अच्छी बात यह रही कि दोनों देश अपने-अपने रुख पर टिके रहें। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी संकेत दिया कि मैक्रों की फिर से ताजपोशी भारतीय विदेश नीति के लिए सुखद है और इससे द्विपक्षीय रिश्तों में कहीं ज्यादा गरमाहट आएगी।

कुल मिलाकर, तीन मुद्दे ऐसे रहे, जिनसे इस यात्रा की अहमियत समझी जा सकती है। पहला, यूक्रेन के मसले पर भारत का रुख कहीं ज्यादा स्पष्ट तरीके से ध्वनित हुआ। फ्रांस और जर्मनी यूरोप के महत्वपूर्ण देश हैं, और दोनों जगहों पर भारत ने अपना पक्ष रखा। इससे यूरोपीय संघ की नीतियां भी प्रभावित हो सकती हैं। दूसरा, यूरोपीय देश हिंद प्रशांत क्षेत्र को एक अहम केंद्र मानते हैं और यहां अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहते हैं। खासकर चीन को लेकर उनकी शंकाएं भारत के लिए मुफीद हैं, जिसका फायदा प्रधानमंत्री मोदी ने उठाया भी। यूरोपीय देशों को एक ऐसे सहयोगी की दरकार है, जो समग्र विकास का हिमायती हो, न कि सिर्फ अपनी तरक्की का। भारत ने इसमें अपनी भूमिका स्पष्ट की है। भारत ने यह भी साफ कर दिया कि पश्चिम की प्राथमिकताओं में उसकी भी भागीदारी है, खासकर जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों में। तीसरा मसला है, आपसी सामंजस्य बढ़ाना, विशेषकर सुरक्षा, हिंद प्रशांत, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक व्यवस्था आदि से जुड़े मुद्दों पर। एक वक्त था, जब भारत और इन देशों के बीच खाई थी, लेकिन आज न सिर्फ यह खाई पट चुकी है, बल्कि आपसी रिश्तों में एक गति भी आ गई है। जाहिर है, भारत के पास ढेरों अवसर हैं, और शायद ही वह इनमें चूकना चाहेगा। इसमें यूरोपीय देशों का साथ कितना अहम है, यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दौरे में जाहिर किया।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# इस दौर में सिर्फ तथ्य हमें सच तक नहीं पहुंचा सकते

बीजू डोमिनिक, कॉरपोरेट सलाहकार

तमाम तरह की झूठी, झांसेवाली और फर्जी खबरें सोशल मीडिया के माध्यम से खतरनाक वायरस की तरह फैल रही हैं और लोगों के दिमाग में गहरी जड़ें जमा रही हैं। सच्चाई को हमारी रोजमर्रा की बातचीत का आधार बनाने के लिए क्या किया जा सकता है? इसका पारंपरिक समाधान बहुत सारे तथ्यों के साथ एक जागरूकता अभियान चलाना भी है। जब 2016 में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने पोस्ट-ट्रुथ को वर्ष के अपने शब्द के रूप में चुना, तब यह इस बात का सूचक था कि कैसे धारणा प्रबंधन एक जटिल प्रक्रिया बन गया है। अब हम ऐसे माहौल में हैं, जहां वस्तुनिष्ठ तथ्य भी जनमत को आकार देने में नाकाम होने लगे हैं।

सामाजिक मनोवैज्ञानिक लियोन फेस्टिंगर मानव धारणा या जनधारणा या लोकमान्यता में तथ्यों की भूमिका का अध्ययन करने वाले पहले विद्वानों में शुमार हैं। एक प्रसिद्ध अध्ययन में फेस्टिंगर और उनके सहयोगियों ने डोरोथी मार्टिन नाम के एक भविष्यवक्ता और उनके अनुयायियों पर गौर किया था। मार्टिन ने प्रलय की भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि गार्जियन नाम के एक दूत दुनिया को आसन्न बाढ़ से बचाने के लिए आ रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं कि न ऐसा कोई दूत आया और न वैसी कोई बाढ़। शोधकर्ता इस बात से खुश थे कि भविष्यवाणियां गलत साबित हुईं, लेकिन श्रद्धालुओं ने मार्टिन पर विश्वास करना नहीं छोड़ा इसलिए व्यक्ति ऐसी किसी भी जानकारी को स्वीकार करने से इनकार कर सकते हैं, जो उनकी मान्यताओं से मेल नहीं खाती हो। हम में से अधिकांश लोग ऐसी जानकारियां या तथ्य एकत्र करते हैं, जो हमारी धारणा के अनुकूल हों। हम अपने विश्वास के विपरीत होने वाली जानकारी या सूचना से बचते हैं या उन्हें अनदेखा करते हैं या उन्हें कमतर आंकते हैं।



मस्तिष्क के अध्ययन से भी पता चला है कि अपने विश्वास का समर्थन करने वाली सूचनाओं से लोगों को सच्चे आनंद का अनुभव होता है। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ है कि केवल तथ्य जांच या 'फैक्ट चेक' के जरिये ही लोगों को सच्चाई तक नहीं पहुंचाया जा सकता। मान्यता के विपरीत सच्चाई अगर सामने दिख रही हो, तो भी लोग अपनी मान्यता को कायम रखने का तरीका खोज लेंगे। डार्टमाउथ कॉलेज के प्रोफेसर ब्रेंडन न्याहान द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चला है कि लोगों की गलत धारणाओं को सुधारने की कोशिश से अक्सर काम नहीं चलता है; और इससे भी बदतर यह कि ऐसी कोशिश कभी-कभी उलटा प्रभाव पैदा कर देती है। समझाने की कोशिश के बाद भी लोग अक्सर अपनी गलत धारणा के पक्ष में और मजबूती से खड़े हो जाते हैं।

सोशल मीडिया किसी व्यक्ति के लिए अपने विचारों से और भी अधिक निकटता से जुड़ने के अवसर पैदा करके संकट को बढ़ा देता है। सार्वजनिक अभिव्यक्ति के बाद अपने विचार के प्रति प्रतिबद्धता और बढ़ जाती है। अपने झूठे विश्वास को लोग ही पुरजोर ढंग से आगे बढ़ाते हैं।


अपनी पुस्तक, द नॉलेज इल्यूजन में संज्ञानात्मक वैज्ञानिक स्टीवन स्लोमन और फिलिप फर्नबैक बताते हैं कि हमारी बुद्धि व्यक्तिगत दिमाग में नहीं, बल्कि सामूहिक दिमाग में रहती है। लोग ज्ञान के लिए सिर्फ खुद पर भरोसा नहीं करते हैं, उस ज्ञान पर भी भरोसा करते हैं, जो कहीं और संग्रहीत है या जो अन्य लोगों के पास है। हम शायद ही यह बता सकें कि हमारी अपनी समझ कहां समाप्त होती है और दूसरों की समझ कहां से शुरू होती है। आज यदि कोई अपनी किसी आस्था को छोड़ता है, तो उसे अनेक सहयोगियों, संरक्षकों से हाथ धोना पड़ता है। विकासवादी दृष्टिकोण से देखें, तो एक व्यक्ति के लिए सामाजिक समर्थन सत्य को जानने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इसलिए ज्यादातर लोग तथ्य या सूचना को अपने नजरिये से देखते हैं, सच्चाई के नजरिये से नहीं। लोग पढ़ते-लिखते हैं, लेकिन सांप्रदायिक ढंग से सोचने लगते हैं, क्योंकि वे व्यक्तिगत ज्ञान से नहीं, समूह के ज्ञान से चीजों को देखते हैं।

ध्यान दीजिए, औद्योगिक क्रांति के कष्टों ने कई सामाजिक संस्थाओं को जन्म दिया था, जैसे ट्रेड यूनियन, रेड क्रॉस, स्काउट्स इत्यादि। इसी तरह, आज हमें सोशल संबंधों को सुधारने के लिए कई नए सामाजिक संगठनों की जरूरत पड़ेगी। लोगों को फिर से तैयार करने की जरूरत होगी। दूसरों की मदद करने के लिए समय और पैसा देना उन लोगों से संबंध बनाने का तरीका हो सकता है, जिनके विचार हमसे बहुत अलग हैं।

दुनिया में सत्य को बाहर से किसी पर थोपा नहीं जा सकता। ऐसा माहौल बनाना जरूरी है कि व्यक्ति स्वयं सत्य तक पहुंचे। सामाजिक जुड़ाव को फिर पैदा करने की जरूरत है। सुख-दुख और भोजन साझा करना चाहिए, इससे एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद मिल सकती है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





मुस्कुराई मोहब्बत
चांद-सितारे जमीं
पर आ गए, न रहे
उदासी के बादल न
जाने वो कहा
काफूर हो गए।

-अंजली जैन
7024460938

# यह है चेतने का वक्त

मरुस्थलीकरण का नतीजा दुनिया की करीब आधी आबादी पर असर डाल रहा है। आशंका है कि आने वाले दशकों में सब-सहारा अफ्रीका समेत दुनिया के कई हिस्सों में हालात और ज्यादा बिगड़ेंगे। हालांकि ये बात राहत बंधाने वाली है कि अभी इतनी भी देर नहीं हुई है, जिससे हालात सुधारे न जा सकें।

ये रिपोर्ट सारी दुनिया के लिए बेहद अहम है। इसलिए कि यह जिन हालात पर से परदा हटाती है, वैसे स्थितियां लगभग हर जगह बन रही हैं। हकीकत यह है कि जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक चरागाहों का बनना, बेशुमार खेती, जंगलों की कटाई और शहरीकरण के कारण पृथ्वी की 40 फीसदी जमीन की दशा खराब हो चुकी है। मरुस्थलीकरण के खिलाफ काम करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि इसका नतीजा दुनिया की करीब आधी आबादी पर असर डाल रहा है। आशंका है कि आने वाले दशकों में सब-सहारा अफ्रीका समेत दुनिया के कई हिस्सों में हालात अभी से और ज्यादा बिगड़ेंगे। हालांकि रिपोर्ट का यह निष्कर्ष राहत बंधाने वाला है कि अभी इतनी भी देर नहीं हुई है जिससे हालात सुधारे न जा सकें। यानी बंजर, सूखी जमीनों पर हरियाली लौटाई न जा सके। रिपोर्ट में उन सारे उपायों का भी जिक्र है, जिन्हें बुरकिना फासो से लेकर मालावी तक आजमाया जा रहा है। यूनाइटेड नेशन कंवेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टिफिकेशन की रिपोर्ट में अफ्रीका के हाल की विस्तार से चर्चा है। कुछ बातों पर गौर करें। जमीन की दशा खराब होने से मतलब है उसकी मिट्टी, पानी या जैव विविधता में लगातार कमी आ रही है।

इसके कई कारण हैं। इसमें जंगलों की कटाई से लेकर खेती में कीटनाशकों और उर्वरकों का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल और जलवायु परिवर्तन के कारण आए दिन मौसमों के मिजाज की बढ़ती उग्रता शामिल है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी तटों पर इसी साल अप्रैल महीने में अभूतपूर्व बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ में न सिर्फ फसलें बह गईं, बल्कि कई जगहों पर गड्ढे बन गए। भूस्खलन हुआ, सैकड़ों घर और सड़कें टूटीं और 430 लोगों की जान चली गई। केन्या के पहाड़ी जंगल देश के वाटर टावर कहे जाते हैं। लेकिन इमारती लकड़ी, चारकोल और कृषि के विस्तार के कारण इनकी अंधाधुंध कटाई ने नदियों में पानी का बहाव कम कर दिया है। नतीजा- खेती की जमीनों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।






स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### स्वयं सहायता समूह से जुड़कर पूनम गुप्ता हुईं आर्थिक रुप से सशक्त

**रायपुर।** सनावल में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रविदास महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य श्रीमती पूनम गुप्ता ने बिहान कार्यक्रम के तहत स्वयं सहायता समूह को मिले ऋण द्वारा हुए अपने आर्थिक सशक्तिकरण की कहानी साझा की। उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि वे स्वयं सहायता समूह में सक्रिय महिला का कार्य करती हैं। समूह में जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने लोन लिया और टेंट हाउस का व्यवसाय प्रारंभ किया। टेंट हाउस व्यवसाय से उन्हें 1 वर्ष में 4 से 5 लाख की आमदनी होती है। इस आमदनी से उन्होंने किराना दुकान प्रारंभ की और एक ट्रैक्टर भी खरीदा है। मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि उन्होंने किस कंपनी का ट्रैक्टर खरीदा है तो उन्होंने बताया कि महिंद्रा का ट्रैक्टर लिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने पर बधाई देते हुए भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम अमले की कार्यवाही जारी

**कोरबा।** आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय के निर्देश पर निगम के अमले ने द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विक्रय व उपयोग पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है, आज भी इस दिशा में कार्यवाही करते हुए दर्री क्षेत्र की 14 दुकानों से सामग्रियों की जप्ती की तथा 13500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया। संबंधितों को कड़ी हिदायत दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने कैरीबैग, डिस्पोजल व अन्य सामग्री का उपयोग न करें। यहाँ उल्लेखनीय है कि निर्धारित मानक के अनुरूप न होने वाली प्लास्टिक सामग्री से निर्मित कैरीबैग, डिस्पोजल सहित अन्य प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, उपयोग, भण्डारन आदि पर शासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल के उपयोग से एक ओर जहाँ पर्यावरण एवं सफाई व्यवस्था पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं दूसरी ओर यह मानव स्वास्थ्य व प्राणी मात्र के लिए घातक है। निगम द्वारा इस पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में गुरूवार को निगम अमले ने दर्री क्षेत्रांतर्गत मेन रोड दर्री, राजमाता सिंधिया चौक, लाटा, प्रेमनगर चौक, जमनीपाली क्षेत्र में स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

#### मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान बोरसी स्कूल के उन्नयन को मिली सहमति

## आबादी के हिसाब से शहर में होने चाहिए चार आत्मानंद विद्यालय : अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर में स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ करने के मामले में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चर्चा कर आबादी एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्रति जनता के रुझान को देखते हुए तीन और आत्मानंद स्कूल खोलने की मांग की है।



एक साल पहले जिला प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में दुर्ग में दो स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब तक केवल दीपक नगर स्कूल को ही स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड किया गया है। तकिया पारा स्कूल को अपग्रेड करने का मामला लटका है।

वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने पटरीपार के सिकोलाभाठा स्कूल, बोरसी के शासकीय स्कूल और नयापारा के चंद्रशेखर आजाद स्कूल में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने की मांग की। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नए सत्र से प्रदेश में 50 नए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने का ऐलान किया है। सीएम के इस आदेश के आधार पर जिला प्रशासन ने बोरसी में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। दूसरी ओर, साल भर पहले स्वीकृत दो स्वामी आत्मानंद स्कूलों में से एक स्कूल का प्रस्ताव नागरिक सहमति नहीं बन पाने के कारण रुक गया है प्रशासन से चर्चा के दौरान बीच मे चंद्रशेखर स्कूल नया पारा का उन्नयन करने पर सहमति बनी थी किन्तु अब तक क्रियान्वयन नहीं हो सका है।

विधायक अरुण वोरा का कहना है कि दीपक नगर स्कूल के अलावा चंद्रशेखर आजाद स्कूल, पटरीपार के सिकोला भाठा शासकीय स्कूल और बोरसी स्कूल को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में अपग्रेड करने की मांग लगातार की जा रही है। बोरसी में स्वामी आत्मानंद स्कूल की स्वीकृति से यहां के नागरिकों और उनके बच्चों को स्कूल का फायदा मिलेगा। पटरीपार में एक लाख की आबादी के लिए भी स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलना जरूरी है।

वोरा ने प्रशासनिक अफसरों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि दीपक नगर और बोरसी के स्कूलों के साथ ही पटरीपार के सिकोलाभाठा स्कूल और चंद्रशेखर आजाद स्कूल को स्वामी आत्मानंद स्कूल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव शासन को भेजें और इसके लिए जरूरी कार्रवाई तत्काल करें। वोरा ने कहा कि बड़ी तादाद में शहर के नागरिक इंग्लिश मीडियम स्कूल की मांग कर रहे हैं। जनभावनाओं के अनुरूप प्रशासनिक अधिकारी तत्काल सजग होकर आवश्यक कार्रवाई करें।

## गोमूत्र की खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गोमूत्र खरीदी किये जाने की घोषणा का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गोमूत्र खरीदी का निर्णय ऐतिहासिक है। जिस प्रकार से गोधन न्याय योजना में गोबर की खरीदी कर के छत्तीसगढ़ ने देश में एक नया आयाम गढ़ा है। वैसे ही गोमूत्र खरीदी से भी नवाचार का नया अध्याय लिखा जायेगा। गोवंश के संरक्षण और जैविक कृषि तथा खेती को रसायनिक कीटनाशकों से बचाने के लिये गोमूत्र का प्रयोग क्रांतिकारी कदम साबित होगा। गोमूत्र का आयुर्वेद में भी बड़ा महत्व है। अनेकों असहाय रोगों के ईलाज में भी गोमूत्र कारगर औषधि के साबित हुई है। गोमूत्र की खरीदी हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी इसमें चरवाहों गोपालकों को किसानों को अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी बनेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गौधन न्याय योजना में दो रु किलो में गोबर खरीदी कर पशुपालकों को गोबर बिनने वालो के साथ महिला स्व-सहायता समूह भी जुड़कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर रही है। छत्तीसगढ़ मॉडल की गोधन न्याय योजना पूरे देश में छुट्टा आवारा पशुओं के सड़को में खेत खलिहानों में घूमने से रोकने का सबसे बड़ी योजना बनकर उभरी है। स्वयं प्रधानमंत्री जी भी अपने भाषणों में यूपी में छुट्टा पशुओ की समस्या के लिए योजना बनाने की घोषणा कर अप्रत्यक्ष रूप से छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना की चर्चा की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में छत्तीसगढ़ मॉडल किसानों, गरीबों के साथ ही ग्रामीण एवं शहरी आबादी को भा रहा है। छत्तीसगढ़ मॉडल छत्तीसगढ़ की जनता का कल्याण कर रहा है। छत्तीसगढ़ मॉडल को पूरे देश में लागू करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

## पर्यटन के माध्यम से दें स्थानीय रोजगार को बढ़ावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल ने पर्यटन के माध्यम से स्थानीय रोजगार बढ़ाए जाने पर जोर दिया। बुधवार को देर शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर बंसल ने सभी पर्यटन स्थलों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पर्यटकों को यहां के प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ ही यहां की स्थानीय संस्कृति और यहां की परंपरागत व्यंजनों का भी आनंद प्राप्त हो। बंसल ने कहा कि कोरोना के नियंत्रण के बाद यहां तेजी से पर्यटकों की संख्या में तेजी आई है। चित्रकोट में 2021 में लगभग पौने पांच लाख पर्यटकों का आगमन हुआ है, जो यहां पर्यटन के असीम संभावनाओं को दर्शाता है।

यहां आने वाले पर्यटकों को पर्यटन स्थलों में पर्याप्त स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, बिजली, सड़क आदि मूलभूत सुविधाएं मिलें और यहां के उत्साह व प्रेमपूर्ण व्यवहार से वे आनंदित हों। उन्होंने पर्यटन स्थलों तक पहुंचने के लिए आवागमन सुविधा को बढ़ाने के लिए स्थानीय स्वसहायता समूहों की महिलाओं को अनुदान पर ई-रिक्शा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नौका विहार सहित वाटर स्पोट्र्स तथा पर्वतारोहण की गतिविधियां प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

## वार्ड-5 कोसानगर के बच्चों को साई कॉलेज सेक्टर-6 में दी जायेगी नि:शुल्क बेसिक कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** वार्ड क्रमांक 5 कोसानगर, भिलाई नगर के वार्ड पार्षद संदीप निरंकारी ने अपने वार्ड के बच्चों को कंप्यूटर साक्षर बनाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की है जिसमे उन्होंने भिलाई में कंप्यूटर शिक्षा के लिए प्रख्यात साई कॉलेज, सेक्टर 6, भिलाई के साथ एक ख्न्न पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत साई कॉलेज के द्वारा, वार्ड क्रमांक 5 के उन बच्चों को नि:शुल्क एक माह का बेसिक कंप्यूटर कोर्स करवाया जायेगा जिनके नाम वार्ड पार्षद द्वारा अनुमोदित कर कॉलेज को भेजे जायेंगे।

इस संबंध में साई कॉलेज के डायरेक्टर हरमीत सचदेवा ने वार्ड पार्षद श्री संदीप निरंकारी के इस उद्देश्य की सराहना की और बताया कि कॉलेज द्वारा एक माह का बेसिक कंप्यूटर कोर्स तैयार किया गया है जिसमे छात्र को कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से लेकर, MS Office, इंटरनेट का ज्ञान, ईमेल इत्यादि का संपूर्ण ज्ञान दिया जायेगा जिससे बच्चे कंप्यूटर साक्षर बन सकें। एक माह के इस कोर्स को सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद कॉलेज अपने स्तर पर छात्रों को एक ष्द्रह्लtificate भी प्रदान करेगा।इस कोर्स को करने के लिए न्यूनतम दसवीं पास होना आवश्यक होगा तथा यह कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क होगा।पार्षद श्री संदीप सिंह निरंकारी ने खुशी जाहिर की साई कॉलेज सेक्टर 6 भिलाई इस दिशा में अच्छी सोच रखते हुए ऐसे छात्र छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर उनके विकास में सहयोग करेगा। ख्न्न साइन करते समय पार्षद श्री निरंकारी, साई कॉलेज के डायरेक्टर हरमीत सचदेवा, प्राचार्य डॉ देशबंधु तिवारी, डिप्टी डायरेक्टर डॉ ममता सिंह और कॉलेज के एनएसएस प्रभारी डॉ विमल कुमार उपस्थित थे।

## सीईटी/सेल, भिलाई में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल के तकनीकी सलाहकार संस्थान एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग के सम्मानीय सदस्य संस्थान सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) भिलाई उप केंद्र में राजभाषा नियम, अधिनियम तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी को बढ़ावा देने हेतु राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईटी/सेल, भिलाई के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनुराग उपाध्याय उपस्थित थे।




कार्यालय में हिंदी कार्यो को सरल-सुलभ बनाने साथ ही विभाग में सभी कार्मिकों को राजभाषा नियम, अधिनियम की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो इस हेतु श्रीमती अनुराधा धनांक, उप मंडल अभियंता, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) दुर्ग द्वारा प्रस्तुतिकरण के माध्यम से उपयोगी जानकारी दी गई।

कार्यशाला के मध्य प्रस्तुतिकरण पश्चात आमंत्रित अतिथि श्रीमती अनुराधा धनांक द्वारा राजभाषा नियम-अधिनियम, प्रारूप, सहित ज्ञान आधारित भारत के प्रख्यात कवि, लेखक, साहित्यकार, दार्शनिक, वैज्ञानिक, हिंदी से संबंधित भाषा-शैली जैसे अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ अभ्यास कार्य भी कराया गया, जिसमें सेट भिलाई के सौरभ कुमार राजा, श्रीमती मंजू हरिदास, ए के श्रीवास्तव, मोहन उमरे, आशीष शुक्ला, चैतन्य, रवि राय, पुनीत चैबे, असीम साहू, पारमिता मोहंती, संदीप कुमार, धीरज शाह, विनय कुमार यादव, ए वाय वी चेनुलू, दयानंद साहू, गोपी कृष्णन, सुधीर अग्रवाल, नितिन चैबे, श्रीमती प्रेमालतामोहन सहित सेट भिलाई के अन्य सभी कार्मिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

अभ्यास कार्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिकों को संस्थान प्रमुख अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है। कार्यालय में राजभाषा हिंदी के अनुपालन हेतु हमें शत-प्रतिशत पत्र व्यवहार व कार्य हिंदी में ही करना चाहिए। हिंदी बहुत ही सहज व सरल भाषा है। आप देश के किसी भी भाग में चले जाए हिंदी बहुत ही सहजता व सरलता से समझी व बोली जाती है। उन्होंने राजभाषा कार्यशाला के आयोजन को एक अच्छा प्रयास बतलाते हुए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कार्मिकों तथा प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही कार्यालयीन व्यवहार में ही नहीं अपितु अपने दैनिक जीवन में भी हिंदी के उपयोग को और बढ़ाने की अपील की। सेट भिलाई में आयोजित राजभाषा कार्यशाला का समन्वय श्री अरविंद श्रीवास्तव महाप्रबंधक, कार्मिक एवं प्रशा. विभाग के श्रीमती प्रेमालता मोहन एवं मोहन उमरे, अनुभाग अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा समन्वय अधिकारी श्रीमती पारमिता मोहंती एवं धन्यवाद ज्ञापन दयानंद साहू द्वारा किया।

## पिछले 2 वर्ष की तुलना मे पेयजल व्यवस्था में हुआ काफी सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम, दुर्ग क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था अमृत मिशन के कार्य पूर्ण होते ही दुरूस्त हो चुकी है। जल्द ही शहर पेयजल के मामलों में टैंकर मुक्त हो जावेगा । वर्तमान में 6 पाइंट पर टैंकर से पेयजल की सप्लाई हो रही वह भी कुछ दिनों में बंद कर दिया जायेगा और अमृत मिशन से जल आपूर्ति उन क्षेत्रों में शुरू हो जाएगी।

सन् 2020 में शहर के लगभग 61 पाइंट पर पेयजल की किल्लतों को टैंकरों के माध्यम से दूर किया जाता रहा है । प्रतिदिन लगभग 61 ट्रीप टैंकरो के माध्यम से पेयजल की पूर्ति की जाती रही है, अब उन स्थितियों से उबर चुकी है और पेयजल की सप्लाई निगम क्षेत्र में



आबाद गति से जारी है । अमृत मिशन के तहत् सभी 60 वार्डो में पाईप लाईन का विस्तार लगभग हो चुका है, जिससे पेयजल की भी आपूर्ति की जा रही है । महापौर धीरज बाकलीवाल और नगर निगम के आयुक्त हरेश मंडावी,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले के दिशा-निर्देश में निगम के जलकार्य विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन में सभी विभागों के अधिकारी भी पेयजल की सतत् मॉनिटरिंग कर रहे है, और व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के लिए लगे हुए है । कुछ-कुछ स्थानों पर पेयजल की समस्या आती है वहां त्वरित निराकरण की दिशा में पहल की जा रही है । नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में अमृत मिशन का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, अब जल्द ही पेयजल व्यवस्था टैंकर मुक्त होकर अमृत मिशन के पाईप लाईन से मिलना शुरू हो जाएगा । वर्ष 2020 में 61 पाइंट पर टैंकर से पेयजल की सप्लाई किया जाता था। अब मात्र 6 पाइंट तक पेयजल सप्लाई की जरूरत पड़ रही है, आने वाले कुछ दिनों में टैंकर से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो जायेगा।करहीडीह और पुलगांव और अनेक क्षेत्रों में कई वर्षो बाद पानी घर तक पहुंचा,जिसमे वहाँ के नागरिकों में हर्ष व्याप्त है।


RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians

समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।

- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।

We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.

Pradeep Kumar Satpaty



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372



तकिया 2 पीस 100/-, 150/-
तकिया फाईबर 2 पीस 250/-, 350/-, 500/-
कुशन 5 सैट 500/-, 600/-, 800/-
लोड फाईबर सैट 500/-, 600/-, 700/-
गद्दा कव्हर सिंगल 150/- चालू
गद्दा कव्हर डबल 300/- चालू
वाटर प्रूफ गद्दा कव्हर डबल 999/-



संजय रूई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### इंदौर, चंड़ीगढ़ की सफाई व्यवस्था को देखने निकले महापौर संग 64 पार्षद, छह दिवसीय दौरे में 40 लाख रुपये होंगे खर्च

**रायपुर ( ए )।** रायपुर शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर की तरह नंबर वन पायदान पर लाने के लिए नगर निगम प्रशासन लगातार बेहतर काम करता आ रहा है। इंदौर, चंड़ीगढ़ की सफाई व्यवस्था को देखने के साथ उनके कामकाज के तरीके समझने के लिए महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के साथ 64 पार्षद व एल्डरमैन और अधिकारी नियमित विमान से इंदौर के लिए रवाना हुए। इस मौके पर महापौर समेत सभी जनप्रतिनिधियों का फूल-माला और बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया गया। दरअसल राज्य सरकार ने रायपुर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को इंदौर, चंडीगढ़ शहर की साफ-सफाई व्यवस्था देखने और समझने के लिए छह दिवसीय अध्ययन दौरे पर भेजने का फैसला लिया था। इसके लिए करीब 40 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। इंदौर रवाना होने से पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने राजातालाब केनाल लिकिंग रोड स्थित महारानी अहिल्या देवी होल्कर की प्रतिमा पर रायपुर को देश का नंबर वन स्वच्छ नगर बनाने के संकल्प के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

जनप्रतिनिधियों के साथ निगम के सचिव डॉ.आरके डोंगरे, स्वास्थ्य अधिकारी विजय पांडेय, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, जोन क्रमांक नौ के कमिश्नर संतोष पांडेय, जोन एक के कार्यपालन अभियंता सुभाष चंद्राकर, निगम के प्रभारी अधीक्षण अभियंता जोन दो कार्यपालन अभियंता विनोद देवांगन, जोन चार के कार्यपालन अभियंता लोकेश चंद्रवंशी, जोन सात के जोन स्वास्थ्य अधिकारी बारोन बंजारे, जोन 10 के स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन, निगम मुख्यालय स्वच्छ भारत मिशन शाखा के उप अभियंता सत्यप्रकाश सिंह आदि भी अध्ययन दौरे में शामिल हैं। माना विमानतल पर कांग्रेस-भाजपा के पार्षद, एल्डरमैन के पहुंचने पर बड़ी संख्या में नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महापौर को फूलमाला से लाद दिया। स्वागत से अभिभूत महापौर ढेबर ने कहा कि सभी लोगों की सक्रिय जनभागीदारी से रायपुर शहर राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का नंबर वन बनेगा। निगम के जनप्रतिनिधियों को इंदौर और चंडीगढ़ शहर की स्वच्छता व्यवस्था बारीकी से देखकर अध्ययन करने को शैक्षणिक प्रवास पर भेजने राज्य सरकार के फैसले के प्रति आभार जताते हुए महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि नगर निगम रायपुर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों का यह अध्ययन प्रवास रायपुर निगम की वर्तमान स्वच्छता रेंकिंग को सुधारने के साथ इस साल के राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में देश का नंबर वन स्वच्छ नगर बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने में काफी उपयोगी साबित होगा।

# छत्तीसगढ़ में 'लुमोस तेज' तकनीक से दोबारा उपयोग के लायक बनाया जा सकता है एन-95 मास्क

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में 'लुमोस तेज' तकनीक से दोबारा उपयोग के लायक एन-95 मास्क बनाया जा सकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंटर्न और चिकित्सकों की एक टीम ने यूवी बाक्स 'लुमोस तेज' का निर्माण किया है, जिसमें यूवी-रे की मदद से एन-95 मास्क को संक्रमण मुक्त किया जा सकेगा। चार महीने की कड़ी मेहनत के बाद बनाए गए इस यूवी बाक्स में बड़ी संख्या में एन-95 मास्क को दोबारा प्रयोग के लायक बनाया जा सकता है।

एम्स के इस शोध को 'इंटरनेशनल जर्नल आफ साइंटिफिक रिसर्च' में भी प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2020 में एम्स के इंटर्न डॉ. शशि शेखर दुबे की पोस्टिंग पल्मोनरी विभाग में थी। तभी कोविड-19 महामारी के बाद बड़ी संख्या में एन-95 मास्क प्रयोग करने के दौरान उनके मन में विचार आया कि इस प्रकार का एक बाक्स बनाया जा सकता है, जिसमें इन सभी संक्रमित या प्रयोग किए गए मास्क को कुछ देर रखकर संक्रमण खत्म किया जा सके। इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों को भी दूर किया जा सकता है।

कोविड रोगियों के उपचार की व्यस्तता के बाद भी उन्होंने कुछ तकनीशियन की मदद से पांच दिनों में चार फीट का एक यूवी बाक्स बनाया। इस दौरान उन्हें कई चुनौतियों का भी



सामना करना पड़ा। प्रारंभ में लाकडाउन के चलते उन्हें अनुसंधान के लिए आवश्यक यूवी लाइट नहीं मिल रही थी। किसी प्रकार उन्होंने रायपुर में उपलब्ध यूवी लाइट खरीद कर एल्युमिनियम पैनल और अन्य मटेरियल की मदद से इस यूवी बाक्स का निर्माण किया, उन्होंने इसे लुमोस तेज का नाम दिया जो हैरी पार्टर की किताब पर आधारित है।

बाक्स के निर्माण के बाद उन्होंने इसमें संक्रमित मास्क को रखकर कोविड-19 प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए स्वयं का अनुसंधान प्रारंभ किया। चार महीनों के सतत प्रयासों के बाद उन्हें इस प्रकार के मास्क को संक्रमण मुक्त करने में मदद मिली। इस दौरान उन्होंने एक निर्धारित प्रक्रिया भी चिन्हित की जिसका पालन करके आधे घंटे के अंदर बड़ी संख्या में एन-95 मास्क को संक्रमण मुक्त किया जा सकता है। इसकी पुष्टि एम्स की वीआरडी लैब ने भी की है।

इस सफलता पर एम्स के निदेशक प्रो. (डा.) नितिन एम. नागरकर ने बधाई दी है। डा. शशि शेखर ने इस सफलता का श्रेय डीन (रिसर्च) प्रो. सरिता अग्रवाल और डा. अतुल जिंदल के साथ वीआरडी लैब के अनुसंधानकर्ताओं को भी दिया है। प्रो. नागरकर ने कहा है कि इस प्रकार का अनुसंधान व्यावहारिक और वैज्ञानिक अनुसंधान के समन्वय को प्रदर्शित करता है। इस अनुसंधान से निश्चित रूप से चिकित्सा संस्थानों को काफी मदद मिलेगी। डा. शशि शेखर ने यह अनुसंधान वित्तीय सहायता के लिए छत्तीसगढ़ की काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलाजी को भी प्रेषित किया है।

## छत्तीसगढ़ में 120 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र हैं बंद, दवाओं की मांग, लेकिन आपूर्ति नहीं

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए भले ही कई दावे किए जा रहे हैं, लेकिन राज्य में 120 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र बंद हो गए हैं। केंद्रों में दवाओं की आपूर्ति न हो पाने की वजह से यह नौबत आई है। राजधानी के आंबेडकर अस्पताल स्थित प्रमुख प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र की हालत यह है कि 1,300 की जगह मात्र 100 तरह की दवाएं दी जा रही हैं।




कैंसर, आंख, ब्रेन समेत अन्य बीमारियों से जुड़ी दवाओं की किल्लत से मरीज लौट रहे हैं। यहां पर रेडक्रास सोसाइटी के साथ प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र को सम्मिलित कर चलाया जा रहा है। जरूरतमंद संतोष चंद्राकर, सूर्यकांत शर्मा और विमल सिंह ने बताया कि 90 प्रतिशत छूट पर मिलने वाली सस्ती दवाओं के लिए जनऔषधि केंद्र आ रहे हैं, लेकिन डाक्टर द्वारा लिखी पांच-छह दवाओं में दो-तीन दवाएं मिल जाएं तो वह बड़ी बात है। दवाएं न मिलने की स्थिति में मजबूरन बाहर जाना पड़ता है।

### केंद्र से दवाओं की आपूर्ति में देरी

मामले को लेकर प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना के राज्य समन्वयक अनिश वोडितेलवार का कहना है कि केंद्रीय स्तर पर दवाओं की खरीद में समय लगने व स्टाक न होने की वजह से समस्या आ रही है। दवाओं की आपूर्ति समय पर हो, इसके लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 249 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र स्वीकृत हैं। इनमें से सरकारी अस्पतालों में 78 और 51 निजी तौर पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। बंद पड़े 120 केंद्रों को भी जल्द शुरू करने की तैयारी में हैं।

जेनेरिक दवा वह है, जो बिना किसी पेटेंट के बनाई और वितरित की जाती है। जेनेरिक दवा के फार्मुलेशन पर पेटेंट हो सकता है, लेकिन उसके सक्रिय घटक पर पेटेंट नहीं होता। जैनरिक दवाइयां गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से ब्रांडेड दवाओं से कम नहीं होतीं। ये उतनी ही असरकारक हैं, जितनी की ब्रांडेड दवाइयां। ये दवाएं 50 से 90 प्रतिशत छूट पर मिलती हैं।

## सियान जतन क्लिनिक में आज 2129 बुजुर्गों का हुआ निःशुल्क इलाज

### हर महीने के पहले गुरूवार को लगता है सियान जतन क्लिनिक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के दो आयुर्वेदिक महाविद्यालयों के चिकित्सालय, पांच जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय, 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, 15 जिला अस्पतालों में संचालित आयुष विंग और 4 पॉलीक्लिनिक इस तरह कुल 48 आयुर्वेदिक केंद्रों में आज सियान जतन क्लिनिक का आयोजन किया गया। इन क्लिनिकों में 60 वर्ष से अधिक आयु के 2 हजार 129 बुजुर्गों का निःशुल्क इलाज किया गया। इन सभी केंद्रों में हर महीने के पहले गुरूवार को सियान जतन क्लिनिक लगाया जा रहा है।

आयुष संचालनालय के सहायक संचालक डॉ. विजय साहू ने बताया कि आज रायपुर आयुर्वेदिक कॉलेज चिकित्सालय में आयोजित सियान जतन क्लिनिक में 136 और बिलासपुर के आयुर्वेदिक कॉलेज अस्पताल में 68 बुजुर्गों का उपचार किया गया। दुर्ग जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 60, रायगढ़ जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 65, बालोद जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 90, सरगुजा जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 74 और बस्तर जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 60 वर्ष से अधिक उम्र के 41 मरीजों का इलाज किया गया। वहीं रायपुर, रायगढ़, बालोद, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोरबा, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, कबीरधाम, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर और कांकेर जिले के 22 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर्स में कुल 861, रायपुर, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, कोरबा ,जांजगीर, राजनांदगांव, कवर्धा, सरगुजा, कोरिया, रायगढ़, जशपुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा व कांकेर जिले के अस्पतालों में संचालित आयुष विंग में कुल 543 एवं पालीक्लिनिक नारायणपुर, बीजापुर, जशपुर, राजनांदगांव में कुल 191 बुजुर्गों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया।

डॉ. साहू ने बताया कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों की सेहत की देखभाल के लिए हर महीने के पहले गुरूवार को सियान जतन क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है। वृद्धावस्था में उत्पन्न होने वाले विभिन्न शारीरिक समस्याओं से पीड़ित वृद्धजनों को विशेष ओपीडी एवं पंचकर्म की सेवाएं राज्य के आयुर्वेदिक अस्पतालों में प्रदान की जाएंगी।

## पहली से आठवी के 31.44 लाख छात्रों को 16 जून से पहले मिलेगा गणवेश

### चार जिलों के संकुलों तक पहुंचा गणवेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में कक्षा पहली से आठवी तक अध्ययनरत 31 लाख 44 हजार विद्यार्थियों को शाला प्रवेश उत्सव 16 जून से पूर्व दो-दो सेट निःशुल्क गणवेश का वितरण किया जाएगा। इस प्रकार विद्यार्थियों को 62 लाख 88 हजार गणवेश सेट बाटा जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ द्वारा राज्य के चार जिलों बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और दंतेवाड़ा में संकुलों तक गणवेश पहुंच गया है। नये शिक्षा सत्र में 16 जून के दिन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्येक विद्यार्थी को निःशुल्क गणवेश का वितरण किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के सभी विद्यार्थियों को गणवेश का दो-दो सेट, पंजीकृत मदरसों के



विद्यार्थियों के लिए एक सेट उपलब्ध कराया जाएगा। बच्चों को गणवेश वितरण के लिए बीजापुर जिले में 76 हजार 496, सुकमा जिले में 83 हजार 674, नारायणपुर जिले में 48 हजार 516 और दंतेवाड़ा जिले में 77 हजार 236 गणवेश सेट वितरण के लिए संकुल तक पहुंच गया है। शेष जिला बस्तर में 2 लाख 10 हजार 544, कोरिया जिले में एक लाख 37 हजार 522, शिक्षा जिला सक्ति में एक लाख 51 हजार 564, मुंगेली में 2 लाख 15 हजार 316, रायगढ़ जिले में 2 लाख 93 हजार 824, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में 79 हजार 866, जांजगीर-चांपा जिले में दो लाख एक हजार 96, कोरबा जिले में 2 लाख 97 हजार 940, बालोद जिले में एक लाख 72 हजार 778, गरियाबंद जिले में एक लाख 62 हजार 768 और राजनांदगांव जिले में 3 लाख 95 हजार 136 निःशुल्क गणवेश सेट बच्चों को वितरित किया जाएगा।

इसी प्रकार जिला दुर्ग में 2 लाख 20 हजार 824, कबीरधाम जिले में 2 लाख 46 हजार 758, बेमेतरा जिले में 2 लाख 49 हजार 432, जशपुर जिले में 2 लाख 32 हजार 154, कांकेर जिले में एक लाख 70 हजार 976, कोण्डागांव जिले में एक लाख 65 हजार 888, धमतरी जिले में एक लाख 41 हजार 200, सरगुजा जिले में 2 लाख 27 हजार 908, बलरामपुर जिले में 3 लाख 64 हजार 488, सूरजपुर जिले में 2 लाख 11 हजार 391, रायपुर जिले में 4 लाख 33 हजार 630, बिलासपुर जिले में 3 लाख 99 हजार 80, बलौदाबाजार जिले में 3 लाख 65 हजार 506 और महासमुंद जिले में 2 लाख 55 हजार 120 निःशुल्क गणवेश का सेट विद्यार्थियों को वितरित किया जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवसः 'संग्रहालयों का हमारे जीवन में महत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

### इच्छुक प्रतिभागी संस्कृति विभाग के ई-मेल से 11 मई तक भेज सकते है आलेख

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति एवं पुरातत्त्व द्वारा 18 मई 2022 को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में 'संग्रहालयों का हमारे जीवन में महत्व' विषय पर विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाईन निबंध प्रतियोगिता रखा गया है। प्रतियोगिता में रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत 10वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। हिन्दी अथवा अंग्रेजी में लिखे निबंध ही स्वीकार किये जायेंगे। भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पंजीयन कराना होगा और एक विद्यार्थी एक ही निबंध भेज सकते हैं। प्रत्येक निबंध के केवल एक ही छात्र लेखक होने चाहिए। सहलेखन में निबंध स्वीकार नहीं किये जावेंगे। निबंध के लिये शब्द




सीमा 1000-1500 शब्द रखी गई है, जो word document file के रूप में विभागीय ई-मेल deptt.culture@gmail.com पर स्वीकार किये जायेंगे।

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये विद्यार्थियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन निःशुल्क है। इच्छुक विद्यार्थी पंजीयन के लिए प्रभात कुमार सिंह, पुरातत्त्ववेत्ता के व्हाट्सएप नंबर +91-7898370255 पर संपर्क कर अपना पंजीयन नंबर प्राप्त कर सकते हैं। निबंध भेजने से पहले विद्यार्थियों को सबसे पहले अपना नाम, कक्षा, विद्यालय, पता (मोबाइल और ई-मेल सहित) और विभाग द्वारा आवंटित पंजीयन नंबर का उल्लेख अनिवार्य रूप से करना होगा।

पंजीयन और निबंध प्रविष्टियां दिनांक 06 मई सवेरे 10 बजे से 11 मई शाम 5.30 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा 17 मई 2022 को की जाएगी। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः राशि रूपये 3000, 2000 और 1000 तथा प्राप्तांकों के वरीयता क्रम में 10 विद्यार्थियों को 500-500 रूपये नगद पुरस्कार विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार वितरण 18 मई को सुबह 10.30 बजे महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर के सभागार में होगा। सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# डॉक्टर स्ट्रेंज की बहुरंगी कहानी में वांडा को मिली तालियां



मार्वल सिनेमैटिक यूनीवर्स (एमसीयू) के तीसरे चरण की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' के बाद से इस सीरीज को चाहने वाले दर्शक ही नहीं बल्कि इसे बनाने वाली कंपनी मार्वल स्टूडियोज भी एक अलग ही मन:स्थिति में हैं। उन्हें इस दुनिया की कहानियां आगे भी बनानी हैं। लेकिन, चुनौती ये है कि 2008 में फिल्म 'आयरमैन' से शुरू हुई ये कहानी कितना विस्तार ले सकती है। ये तो सच है कि इस एमसीयू के धरातल को इस दुनिया से निकली कम से कम तीन वेब सीरीज 'वांडा विजन', 'लोकी' और 'व्हाट इफ' के जरिये दूसरे ब्रह्मांडों में भी फैलाया जा चुका है लेकिन एक ही समय पर अलग अलग ब्रह्मांडों में चलती इन कहानियों को जिस तरह से मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में जोड़ने की कोशिश की गई, उस मल्टीवर्स को समझने, अपनाने और पहचानने में एमसीयू के घाघ दर्शकों को भी समय लगेगा।

## फिल्म देखने से पहले का होमवर्क

फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' एमसीयू के 'पाठ्यक्रम' का वह अध्याय है जिसे पढ़ने (देखने) के लिए आपको घर से तैयार होकर आने की जरूरत है। अगर आपने डिज्नी प्लस पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'वांडा विजन', 'लोकी' और 'व्हाट इफ' नहीं देखी हैं तो ये चैप्टर आपको समझ नहीं आएगा। तो फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' को देखने की पहली शर्त यही है कि आप पहले इन सीरीज को देखें तभी 'स्पाइडरमैन: नो वे होम' से आगे की इस कहानी के सिरे आपको पकड़ आएंगे। नौ साल बाद निर्देशन में लौटे सैम रैमी के सामने चुनौती है अपनी डरावनी फिल्मों की खास पहचान और एमसीयू की तीन स्पाइडर मैन फिल्मों के निर्देशन से बनी अपनी ब्रांडिंग को बनाए रखने की। और, करिश्मा बेनेडिक्ट कंबरबैच का भी इस बार कसौटी पर है।

## सावधानी हटी, दुर्घटना घटी

फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' देखने पहुंचे दर्शकों को पता है कि डॉक्टर स्ट्रेंज क्या क्या कर सकता है। उसकी जादुई शक्तियों के विस्तार के लिए ही मल्टीवर्स का ताना बाना बुना गया है। लेकिन फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' की कहानी का केंद्र वह नहीं हैं। फिल्म की सरपट भागती पटकथा इसके किरदारों को सुस्ताने का मौका ही नहीं देती है। जिस किरदार को लेकर फिल्म सोची गई वह किनारे हो गया और वांडा यानी स्कारलेट विच यहां कहानी का केंद्र बिंदु बन जाती है। कहानी एमसीयू में पहुंची एक युवती की है। उसका पीछा हो रहा है। उसकी अपनी शक्तियां हैं। हीरो डॉक्टर स्ट्रेंज को उसे 'विलेन' से बचाना है। प्रेमिका उसकी किसी और की हो चुकी है। वांडा का विजन भी कब का खो चुका है और अमेरिका शावेज नाम की इस युवती का दिल भी दुखी है।

## बन नहीं पाया बढ़िया माहौल

मार्वल स्टूडियोज की इस फिल्म को रिलीज करने वाली कंपनी डिजनी से भी इस बार फिल्म की रिलीज से पहले गलतियां खूब हुईं। फिल्म की एडवांस बुकिंग जैसे ही महीने भर पहले खोली गई, एमसीयू के प्रशंसकों को समझ आ गया कि कुछ तो लोचा है। फिल्म की ब्रांडिंग और मार्केटिंग इसकी तीसरी सबसे कमजोर कड़ी रही। फिल्म के निर्माता केविन फाइगी के बयानों से भी समझ आता रहा कि मामला कहीं न कहीं गड़बड़ है। और, फिल्म देखने के बाद ये बात साफ भी हो जाती है। फिल्म की रिलीज से पहले इसकी इतनी सामग्री यूट्यूब पर डाल दी गई कि एमसीयू की फिल्में देखने के लिए बेकरार रहने वालों की फिल्म में दिलचस्पी ही कम होती चली गई। फिर भी एमसीयू के प्रशंसकों का अपना अलग भरोसा है इन फिल्मों पर। एडवांस बुकिंग इसका सबूत भी है।

## कहां चूकी डॉक्टर स्ट्रेंज 2?

फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' तीन वजहों से एमसीयू के प्रशंसकों को निराश करती है। पहली वजह है इस फिल्म की कहानी, इसकी पटकथा और इसके संवाद। एमसीयू के सबसे पसंदीदा किरदार स्पाइडरमैन की हंसी उड़ाने वाले संवादों का स्वाद सही नहीं है। ऐसा करके मार्वल स्टूडियोज ने निराश ही किया है। फिल्म की कहानी को समझने के लिए जितनी हाई लेवल की आईक्यू चाहिए, वह सबमें होना मुश्किल है और इसकी पटकथा का विस्तार भी बहुत ज्यादा है। ये सही है कि फिल्म में नियमित अंतराल पर दिखने वाले दर्शकों के पसंदीदा किरदार उनका आकर्षण परदे की तरफ बनाए रखते हैं लेकिन ये बस टोटके हैं। असली कहानी जो डॉक्टर स्ट्रेंज की होनी चाहिए थी, वह वांडा की होकर रह गई है।

# शाहरुख की फिल्म में विक्की और तापसी की एंट्री, फिल्म की शूटिंग के लिए जून में लंदन जाएंगे शाहरुख खान



शाहरुख खान इन दिनों फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी की अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। सेट पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने फिल्म से जुड़ी कई अहम जानकारियां शेयर की हैं। उन्होंने बताया, अभी अगले एक महीने तक इसकी शूटिंग मुंबई की फिल्मसिटी में होनी है। इन दिनों फिल्म की शूटिंग नाइट शिफ्ट में हो रही है। विक्की कौशल फिल्म में शाहरुख खान के जिगरी दोस्त के रोल में हैं। उन्होंने ईद से ठीक पहले इसकी शूटिंग जॉइन की। इस फिल्म में विक्की कौशल की 'मनमर्जियां' को-स्टार तापसी पन्नू भी हैं। उस फिल्म में दोनों का रोमांटिक पेयर था। हालांकि, यहां तापसी के लव इंटरेस्ट के रोल में विक्की नहीं, शाहरुख का किरदार है।

## फिल्म की शूटिंग के लिए जून में लंदन जाएंगे शाहरुख

सूत्रों ने आगे के शेड्यूल और फिल्म से जुड़े बाकी लोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, शाहरुख और बाकी कास्ट एंड क्रू मेंबर जून में लंदन जाने वाले हैं। लंदन में डेढ़ महीनों का शूट शेड्यूल रखा गया है। लंदन के अलावा एम्सटर्डम और दुबई के लोकेशनों पर भी फिल्म की शूटिंग होगी। यहां फिल्म की सिनेमैटोग्राफी का जिम्मा अमित रॉय को दिया गया है। हिरानी की पिछली फिल्म 'संजू' में मशहूर सिनेमैटोग्राफर रवि वर्मन थे। वो इस बार नहीं हैं। अमित रॉय इससे पहले राम गोपाल वर्मा के असिस्टेंट रह चुके हैं। उनके खाते में बतौर सिनेमैटोग्राफर 'सरकार राज' और 'लव आजकल' जैसी फिल्में रह चुकी हैं। अमित ने बीच में तापसी पन्नू और अमित साध को लेकर 'रनिंग शादी' नामक फिल्म डायरेक्ट भी की थी।

## शाहरुख फिल्म में लुधियाना के युवा के किरदार में दिखाई देंगे

हिरानी ने कॉस्ट्यूम की जिम्मेदारी एका लखानी को दी है। एका की झोली में 'पोन्नियन सेल्वन', 'जुग जुग जियो' और 'शेरशाह' जैसे प्रोजेक्ट रहें हैं। सूत्रों ने बताया कि फिल्म पंजाब के बैकड्रॉप में है। शाहरुख का किरदार लुधियाना के किला रायपुर इलाके से बिलॉन्ग करता है। वहां के युवा जिस तरह के गेटअप में रहते हैं, एका ने वैसे ही कॉस्ट्युम तैयार किए हैं। तापसी का किरदार भी किला रायपुर और आसपास के गांवों में रहने वाली युवतियों की तरह है।

## लुधियाना के आसपास के गांवों की तरह का सेट मुंबई में बनवाया

हिरानी ने पंजाब के लुधियाना जिले के किला रायपुर और उसके आसपास के गांवों की तरह का सेट मुंबई में बनवाया है। वहां के युवाओं के अब्रॉड माइग्रेशन पर फिल्म की कहानी सेट की गई है। सूत्रों ने बताया कि उस गांव में तकरीबन 70 फीसदी पंजाबी कनाडा व बाकी यूरोपीय देशों में रोजी रोटी को जाते हैं। इस तरह गांव बेहद वीरान-सुनसान सा नजर आता है। वह लोकेशन और वहां की वह बात राजकुमार हिरानी को यूनीक लगी थी।

मोटे तौर पर कहा जाए तो कहानी पंजाब के उन युवाओं पर है, जो दरअसल बायरोड पाकिस्तान, दुबई, उज्बेकिस्तान, रशिया और फिर यूरोपीय देशों में रोजी रोटी कमाने को जाते हैं। उन जैसों के बारे में कहा जाता है कि एक बड़ी तादाद पैदल भी वहां तक चली जाती है। फिल्म में साथ में उन युवकों के भी अपना वतन छोड़ परदेस में नौकरी की खोज में जाने की है, जो कनाडा और यूएस जाने वाले यूरोप के शेंगेन एरिया के लिए टूरिस्ट वीजा हासिल करते हैं।

यूरोप में वैसे दो दर्जन से ज्यादा देश हैं, जो शेंगेन एरिया के तहत आते हैं। वो पासपोर्ट फ्री जोन देश कहे जाते हैं। वह इसलिए कि वहां उनके बॉर्डर आपस में एक दूसरे से साझा करते हैं। शेंगेन वीजा के जरिए उस जोन के मुल्कों में 90 दिनों तक टूरिज्म या बिजनेस के लिए कोई भी वहां रूक सकता है। राजकुमार हिरानी इस तरह जॉब और माइग्रेशन के अलग पहलुओं पर एक टेक लेने की कोशिश फिल्म में कर रहें हैं।

# बहुप्रतिक्षित फूल कॉमेडी छत्तीसगढ़ी वेबसीरीज गुदगुदी आज होगी रिलीज

## भिलाई के एक्टर शमशीर सिवानी, पत्रकार संतोष यादव दिखेंगे जर्बदस्त कॉमेडी रोल में




एन माही फिल्म्स के बेनर तले एवं छॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक त्रिलोक तिवारी के बेनर बले बनी शुद्ध पारिवारिक एवं हास्य वेबसीरीज गुदगुदी 6 मई को एन माही फिल्म के ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होने जा रही है। इस वेबसीरीज के निर्माता मोहित साहू ने बताया कि इस बहुप्रतिक्षित हास्य वेबसीरीज को देखने के लिए पहले मोबाईल में गुगल प्ले स्टोर में जाकर एन माही फिल्म एप डाउनलोड करना होगा, उसके बाद उसे ओपन कर सबस्क्राईब करना होगा उसके बाद इसे अपने अपने मोबाईल में इस हास्य वेबसीरीज को देखकर अपना भरपूर मनोरंजन कर सकेंगे।

इसके निर्देशक त्रिलोक तिवारी ने बताया यह वेबसीरीज एक परिवार पर आधारित है, जिसमें एक दादा और उसके एक पुत्र व पुत्रवधु, एवं उनका एक पोता और पोता बहु व पोती और पोती की एक सहेली और एक नौकर के साथ ही पड़ोसी धुम्मन है इन्ही के बीच में और मोटी पोती के शादी को लेकर अजब गजब घटनाएं होती है जिससे ऑटोमेटिकली कमेडी उत्पन्न होती है। इस वेबसीरीज में जहां छत्तीसगढ़ी एवं भोजपूरी फिल्मों के प्रसिद्ध एक्टर एवं गीतकार तथा देश के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि शमशीर सिवानी ने जहां पहली बार अलग हटके बेहद ही महती भूमिका निभाये हैं। शमशीर सिवानी ने दादा का बेहद ही बेजोड़ अभिनय किये है, वहीं छॉलीवुड के जाने माने एक्टर तेजराम साहू, थियेटर के प्रसिद्ध आर्टिस्ट रवि शर्मा, छॉलीवुड एक्टर हनी शर्मा, एक्ट्रेस इंदूमति चौहान, प्रियंका सिंह,सुश्री रागिनी सोनी, एक्ट्रेस श्वेता शर्मा, रवि, अरूण भांगे, जग्गू,छॉलीवुड की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर एवं एक्ट्रेस हर्षा सहारे, अर्चना, महेन्द्र के अलावा छॉलीवुड के बेहतरीन कमेडियन चंदू और वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव सहित अन्य प्रसिद्ध एक्टरों ने इतीन जर्बदस्त कमेडी की है कि लोग हंसते हंसंतो लोट पोट हो जायेंगे। इसके क्रियेटिव हेड,कॉन्टेन्ट राईटर संजीव मुखर्जी, एसोसिएट डायरेक्टर परमजीत सिंह शाही, सहायक निर्देशक ज्योति एवं डीओपी अंकित ट्रेलर है।

# एक साथ रोमांस करते नजर आएंगे अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह आने वाला है 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और अभिनेता अजय देवगन को हाल ही में फिल्म 'रनवे 34' में एक साथ देखा गया। इस फिल्म का निर्देशन खुद अजय देवगन ने किया है। फिल्म में अजय और रकुल के अलावा बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी मुख्य भूमिका में हैं। हालांकि इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। इस फिल्म में, रकुल प्रीत सिंह और अजय देवगन सह-पायलट की भूमिका निभा रहे हैं। बता दें कि 'रनवे 34' से पहले दोनों को फिल्म 'दे दे प्यार दे' में एक साथ देखा गया था। साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब खबर आ रही है कि अजय जल्द ही इस फिल्म का सीक्वल लाने जा रहे हैं।

## अजय देवगन ने की पुष्टि

दे दे प्यार दे में, अजय देवगन ने आशीष मेहरा की भूमिका निभाई थी, जिसे आधी उम्र की महिला आयशा (रकुल प्रीत सिंह) से प्यार हो जाता है। वह उसे अपनी पहली शादी के बारे में बताता है और तब्बू व उसके बच्चों से उसका परिचय कराता है। हाल ही में, रनवे 34 का प्रचार करते हुए, अजय ने पुष्टि की कि वह 'दे दे प्यार दे' के सीक्वल की योजना बना रहे हैं।

## कब आएगा सीक्वल?

'दे दे प्यार दे' के सीक्वल के बारे में बात करते हुए अजय ने कहा, मुझे लगता है कि मेकर्स इस वक्त स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। अब देखते हैं कि यह फिल्म कब आएगी। गौरतलब है कि 'दे दे प्यार दे' की कहानी बाकी कहानियों से बिल्कुल अलग थी, शायद इसलिए लोगों को यह फिल्म काफी पसंद आई। हालांकि, अब अजय देवगन जिस कहानी की बात कर रहे हैं वह जाहिर तौर पर अलग कहानी है, लेकिन दर्शकों को लुभाने में वह कितने कामयाब होते हैं, ये तो फिल्म की रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा। लेकिन अजय के साफ कहने के बाद लोगों में इस फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। अब इस फिल्म की शुरुआत यानि फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी ये भी आने वाले दिनों में पता चलेगा।

# भोजपुरी फिल्म सलाम रॉकी भाई के शूटिंग की चल रही है जोर शोर से तैयारी

पीकेएफफिल्म्स के बैनर तले सलाम रॉकी भाई फिल्म बनने जा रही है जिसकी सूटिंग बहुत जल्द बिहार, नेपाल, और वृंदावन के खूबसूरत लोकेशन पर शूट की जाएगी। इस मेगा बजट फिल्म को दस भाषाओं में एक साथ रिलीज की जाएगी।

बात करे इस फिल्म की तो इसके निर्माता है,एम एम खान निर्देशक है विनय शांडिल्य,वही इस फिल्म में अपने कलमो से जादू बिखेर रहे है कृष्णा झा, यू कहे तो इसके लेखक है कृष्णा झा वैसे इस फिल्म की कहानी को दिया है विजय कुमार ने, वही इस फिल्म के म्यूज़िक डायरेक्टर की बात करे तो इस फिल्म में म्यूजिक देंगे, संतोष पुरी, यश कुमार, अनुज तिवारी। यही इस फिल्म के एसोसिएट डायरेक्टर होंगे अनील कुमार बबुआ, फिल्म पीआरओ रितिक कौशिक है। स्टार कास्ट की बात करे तो इस फिल्म के मुख्य भूमिका में होंगे, पप्पू खान, संजीव मिश्रा, रंजीत झा, घनश्याम कुमार और कई सारे आर्टिस्ट, कुछ आर्टिस्ट बॉलीवुड और साउथ से भी लिए जाएंगे,प्राप्त सूचनाओं के अनुसार इस फिल्म की प्री प्रोडक्शन का कार्य चल रहा है, पोस्टर को देखते हुए हमे इतना तो यकीन है की ये फिल्म टूटते हुए भोजपुरी ऑडियंस के बिच अपनी जगह बनाने में कामयाब रहेगी। जिस तरह से समशान भूमि और जलती हुई लाशे दिखाई जा रही है, उस से ये तो साबित होता है की ये फिल्म किसी सच्ची घटना से प्रेरित होकर बनाई जा रही है। साथ ही पोस्टर में बिहार का नक्शा ये साफ-साफ कहता है की, इस फिल्म की कहानी बिहार के किसी सच्ची घटना के इर्द गिर्द ही घूम रही है। पर वो घटना है क्या? वो तो इस फिल्म के रिलीज होने पर ही पता चलेगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243
























## खास खबर

### भारतीय बौद्ध महासभा ने स्थापना दिवस पर वितरण किया मट्ठा

**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर ने आज आम्बेडकर चौक मे मनाया स्थापना दिवस सर्व प्रथम सविधान निर्माता बाबा साहेब आम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुध्द वंदना करने के पश्चात मट्ठा का वितरण किया गया है। जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने बताया की भारतीय बौध्द महासभा की स्थापना 4मई 1956 को डॉ.बाबा साहेब आम्बेडकर जी ने की थी व इसके संस्थापक, अध्यक्ष स्वयं डॉ.बाबा साहेब आम्बेडकर ही थे इस संस्था का मुख्य उध्देश धर्म का प्रचार प्रसार करना हमे गर्व है की हम इस संस्था में कार्य कर रहे है इस अवसर पर प्रदेश महासचिव भोजराज गौरखेड़े संस्कार प्रमुख सी.डी. खोब्रागड़े, जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके, सृजय गजघाटे,विजय गजघाटे, जी.एस.मेश्राम, बेनीराम गायकवाड़, खुशाल टेभेंकर, दिलीप टेभुरने, मदनलाल मेश्राम,महेश बोरकर, विनोद जाभूलकर, आशु डोंगरे, मनाय गजघाटे, रूपलता कानेकर, करूणा वासनिक, मोतीमाला कोल्हेकर, पुष्पा सतदेवे, जय खोब्रागड़े, नंदा गजघाटे, ऊषा धारगावे, संध्या बडोले, वैशाली मेश्राम, प्रतिमा मेश्राम एवम् समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

### संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने मेला एवं मंडई के लिए उपनपाल पंचायत को सौंपा एक लाख रुपए का चेक

**जगदलपुर।** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन के सी एस आर , स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत मेला एवं मंडई के आयोजन हेतु एक लाख रुपए का चेक आयोजन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में उपनपाल सरपंच कामिनी नागेश को सौंपा विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने ग्राम पंचायत उपनपाल को मेला मंडई के आयोजन के लिए नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन के सी एस आर मद के तहत क्षेत्रीय विकास मद से मंडई एवं मेला के आयोजन के लिए 1 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आदिवासी संस्कृति और मान्यताओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं उनके निर्देश पर ही नगरनार स्टील प्लांट का निर्माण करने वाली कंपनी नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन ने अपने सी एस आर मद सभी प्रभावित ग्राम पंचायतों को मेला एवं मंडई तथा खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए राशि उपलब्ध करवा रही है देवी देवताओं एवं मेला मंडई का अपना विशेष महत्व है।

# सनावल और रामचंद्रपुर में एमबीबीएस डॉक्टर की होगी पदस्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भेंट-मुलाकात अभियान के तहत रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के सनावल गांव पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सनावल के ग्रामीण बैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने सनावल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र के लिए अनेक घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने ग्राम पचावल और त्रिशूली के बीच पांगन नदी में टूटे हुए पुल के फिर से निर्माण, इसी तरह ग्राम डिंडो से चेरा के बीच और ग्राम डिंडो डूमरपान के बीच छतकरम नदी पर पुल निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, विधायक श्री बृहस्पत सिंह, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू उपस्थित थे।



उन्होंने सनावल और रामचंद्रपुर में एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना कराने, रामचंद्रपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने की घोषणा की। किसानों की मांग पर मुख्यमंत्री ने ग्राम गांजर में धान खरीदी केंद्र शुरू कराने की घोषणा करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के किसानों को धान खरीदी केंद्र दूर होने से आ रही दिक्कतें इससे दूर होंगी। श्री बघेल ने सनावल भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कामेश्वरनगर और शिलाजु में गोठान निर्माण की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण बैंक सनावल का किया निरीक्षण के दौरान किसानों की मांग पर डिंडो और रनहत में ग्रामीण बैक की शाखा खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दूरस्थ इलाकों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार होना चाहिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ऋणमाफी के हितग्राहियों, खातों की संख्या, बैंक सखी और बैंक मित्र द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में दी जा रही बैंकिंग सेवाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान 72 वर्षीय श्री मोहम्मद सुलेमान ने कृषि ऋण माफी के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार प्रकट किया। सनावल निवासी श्री मोहम्मद सुलेमान का 56 हज़ार का कृषि ऋण माफ हुआ है। बुजुर्ग श्री सुलेमान ने ऋणमाफी के लिए मुख्यमंत्री को दिल से आशीर्वाद दिया। लापरवाही: जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता निलंबित दो माह के भीतर सभी पात्र किसानों को मिले मुआवजे की राशि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश ग्राम गांजर में धान खरीदी केंद्र और कामेश्वरनगर तथा शिलाजु में गौठान निर्माण की मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सनावल में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जनता की शिकायत पर कन्हर अंतर्राज्यीय परियोजना के अंतर्गत भू-अर्जन प्रकरणों के त्वरित निराकरण में लापरवाही बरतने के कारण कार्यपालन अभियंता कार्यालय अधीक्षण अभियंता श्याम बरनई परियोजना मण्डल अम्बिकापुर उमाशंकर राम को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना के लिए अपनी जमीन देने वाले किसानों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है, इस कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा काफी पहले मुआवजे की राशि जारी कर दी गई है, लेकिन अभी तक किसानों को मुआवजे की राशि नहीं मिली है।

# व्यापारिक संगठनों ने एमएसएमई उधम आधार पंजीकरण प्रक्रिया एवं एमएसएमई से व्यापारियों को मिलने वाले लाभो से रूबरू हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि आज एमएसएमई विकास संस्थान एवं कन्फेडरेशन ऑफऑल इंड़िया ट्रेडर्स (कैट) सी.जी. चैप्टर के द्वारा व्यापारियों का उधम आधार पंजीकरण प्रक्रिया एवं एमएसएमई से व्यापारियों को मिलने वाले लाभो विषयक पर कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय मिटिंग सम्पन्न हुई ।

मिटिंग में एमएसएमई रायपुर के श्री लोकेश परगनिहा, उप निर्देशक, के द्वारा व्यापारियों को उधम आधार पंजीकरण प्रक्रिया एवं एमएसएमई से व्यापारियों को मिलने वाले लाभो की जानकारी दी।

सर्वप्रथम मिटिंग की शुरुआत कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्दर सिह ने मिटिंग में उपस्थित एमएसएमई के अधिकारियों, कैट के पदाधिकारियों एवं सभी व्यापारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात् एमएसएमई के अधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनो के पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया । कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कहा कि पूर्व में व्यापारी (ट्रेड़र्स) भी एमएसएमई की परिभाषा में शामिल थे किन्तु वर्ष 2017 में उन्हें इस परिभाषा से निकाल दिया था उसके बाद से कैट लगातार इस मुद्दे को सरकार के साथ उठाता रहा और केंद्र सरकार ने व्यापारियों को इस परिभाषा में दोबारा जोड़ने का निर्णय लिया। 7 जुलाई 2021 को व्यापारियों को इस परिभाषा के अंतर्गत जोड़ने का आदेश दिया। सरकार के इस फैसले से देश के करीब 8 करोड़ से ज्यादा छोटे कारोबारियों को फायदा होगा।




सरकार का यह कदम न केवल अर्थव्यवस्था बल्कि भारत के सबसे जीवंत खुदरा व्यापार को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर है, सभी व्यापारियो को एमएसएमई मे उद्यम आधार पंजीयन करवाना चाहिए।

कैट सी.जी चैप्टर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की उद्यम आधार से पंजीकृत व्यापारियों को बैंकों से क़र्ज़ प्रायोरिटी सेक्टर लेंडिंग के तहत औरों से कम ब्याज दर पर मिल सकता है जिससे वर्तमान में आर्थिक तंगी से जूझ रहे व्यापारियों को बड़ी राहत मिल सकती है। कोरोना के कारण पिछले दो वर्षों से व्यापारी अपने सामान्य व्यापार से महरूम हैं जिसके कारण बेहद आर्थिक तंगी का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। उन व्यापारियों के लिए उधम आधार पंजीकरण प्रक्रिया एवं एमएसएमई से व्यापारियों को मिलने वाले लाभ एक वरदान साबित होगा।

एमएसएमई रायपुर के लोकेश परगनिहा उप निर्देशक, ने बताया कि उद्यम आधार पंजीयन से व्यापारी एमएसएमई श्रेणी के अंतर्गत आएंगे और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के आधार पर दिए जाने वाले ऋण को बैंकों और वित्तीय संस्थानों से आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा अब व्यापारियों द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के कई अन्य लाभों को भी प्राप्त किया जा सकेगा जिनका लाभ एमएसएमई श्रेणी के व्यापारी अभी उठा रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि आज देश के व्यापारिक समुदाय जो लगभग 40 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है और लगभग 115 लाख करोड़ का सालाना कारोबार कर रहा है। कोविड महामारी से प्रभावित व्यापारी अब बैंकों से आवश्यक वित्त प्राप्त करके अपने व्यवसाय को बहाल करने में सक्षम होंगें।

अंत में एमएसएमई विकास प्रदेश प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन ने मिटिंग मे उपस्थित सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों एवं व्यापारियें को धन्यवाद ज्ञापित कर मीटिंग समाप्ति की घोषणा की। मिटिंग में कैट के पदाधिकारी मुख्यरूप से उपस्थित रहे:- अमर पारवानी, जितेंद्र दोशी, परमानन्द जैन, सूरिंदर सिंह, भरज जैन, अजय अग्रवाल, अजय तनवानी, मोहम्मद अली हिरानी , राजेन्द्र जग्गी, पवन वाधवा, कन्हैया गुप्ता, प्रीतपाल सिंह बग्गा, अवनीत सिंह, राकेश अग्रवाल, विजय जैन, सतीश श्रीवास्तव, श्याम माहेश्वरी, संजोग टावरी, मनतोष, अमित अग्रवाल, राजा वाधवानी, श्री निवास रेड्डी, सुरेश पारख, जीवत बजाज, इन्दरलाल धीरानी, आन्नद, देवराज गुरनानी, जयराज गुरनानी, नरेन्द्र हरचंदानी, नरेन्द्र सिंह, विजय पटेल, गोविन्द पटेल, किलोल पटेल एवं रायपुर के प्रमुख सभी व्यापारी संगठन के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण आदि।

## संसाधनों के उपयोग करते हुए ऊर्जा के नवीकरणीय विकल्पों के लिए बने कार्ययोजना - मो. अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्बन उत्सर्जन को कम करना जरूरी है। उन्होंने कहा है कि ऊर्जा की आवश्यकता के लिए संसाधनों का उपयोग करते हुए ऊर्जा के नवीकरणीय विकल्पों के लिए एक व्यापक एवं संतुलित कार्ययोजना जरूरी है। मोहम्मद अकबर के मुख्य आतिथ्य में आज यहां राज्य योजना आयोग द्वारा नवा रायपुर के योजना भवन में कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला का विषय था 'छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कोयले के बजाय नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने पर पड़ने वाले प्रभाव'। इस कार्यशाला की अध्यक्षता खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने की। खाद्य मंत्री ने कहा कि हमें भविष्य के लिए ऊर्जा की जरूरत एवं ऊर्जा के विकल्पों के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में लगभग 88 हजार लोगों की आजीविका कोयला उत्खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक रूप से निर्भर है। इसलिए इस पर विचार करने से पहले समस्त पहलुओं पर भी विचार करने की आवश्यकता है। कार्यशाला में प्रतिभागीयों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रारंभ में राज्य योजना आयोग के सदस्य डॉ. के सुब्रमण्यम ने कार्यशाला की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए वन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि कोरबा देश और प्रदेश का सबसे प्रमुख कोयला उत्पादक जिला है। उन्होंने कहा कि कोरबा प्रदेश की दो करोड़ 50 लाख आबादी को ऊर्जा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के अन्य विकल्पों पर विचार करने हेतु पर्याप्त अधोसंरचना और व्यवस्था विकसित होने तक सतत् विकास के लिए कोयला पर निर्भरता अपरिहार्य है। राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि सरकार ने भी ग्लासगो सम्मेलन कोप-26 में 2070 तक जीरो इमीशन प्राप्त करने का संकल्प लिया है। इसमें देश की कुल ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से आपूर्ति और कार्बन उत्सर्जन 2030 तक एक बिलियन टन तक घटाने का निर्णय भी लिया गया है। राज्य के विभागों को इसके लिए चरणबद्ध तरीके के नियोजन की आवश्यकता होगी।

# वर्मी कम्पोस्ट के उपयोग से बनी रहेगी भूमि की उर्वरा : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिलाओं की मांग पर गोपालपुर गौठान में पोहा, चिवड़ा मिल और कलस्टर भवन की मंजूरीमुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात अभियान के दूसरे दिन सुबह बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड मुख्यालय राजपुर में गोधन न्याय योजना की 43 वीं किस्त की राशि 10 करोड़ 70 लाख रूपए का भुगतान पशुपालकों, गौठान समितियों, और महिला स्व-सहायता समूहों को किया। मुख्यमंत्री ने पहली बार राजधानी के बाहर से गोधन न्याय योजना की राशि जारी की।

मुख्यमंत्री के वायदे के मुताबिक गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को हर पखवाड़े में बेचे गए गोबर का भुगतान हो रहा है।

आज पहली बार राजधानी से बाहर होने के बावजूद मुख्यमंत्री ने 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक गौठानों में किसानों, पशुपालको, ग्रामीणों, भूमिहीनों से की गयी गोबर खरीदी की राशि का समय पर भुगतान किया। आज किए गए 10.70 करोड़ रूपए के भुगतान में 2.34 करोड़ रूपए गोबर खरीदी की, 5.04 करोड़ रूपए गौठान समितियो और 3.32 करोड़ रूपए महिला समूहो का लाभांश शामिल है।




मुख्यमंत्री बघेल ने राजपुर विकासखंड के गोपालपुर गौठान में काम कर रहे संग सहेली स्व सहायता समूह की सदस्यों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा चर्चा की। उन्होंने गौठान में चल रही आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली और महिलाओं के कार्यो पर खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने समूह की महिलाओं की मांग पर गौठान में मुर्रा निर्माण, चिवड़ा निर्माण यूनिट लगाने की स्वीकृति दी। साथ ही समूह लिए क्लस्टर भवन निर्माण की भी मंजूरी दी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं और गोबर विक्रेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गौठान के माध्यम से हम गौसेवा करते हैं। वैसे ही रासायनिक खाद की जगह वर्मी कम्पोस्ट का फसल में उपयोग कर धरती मॉ की सेवा कर सकते हैं।

इससे धरती उर्वरा बनी रहेगी और हमारे कृषि उत्पाद भी पौष्टिक होगें। जिससे हमारी स्वास्थ सुरक्षा भी होगी। गौठान के माध्यम से स्व सहायता समूहो और गौपालको को लाभ मिल रहा है। गौठान समितियां भी स्वालंबी हो रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा की भेंट मुलाकात अभियान कल 4 मई से प्रारंभ हुआ है। जिसके तहत किसान, महिला स्वसहायता समूह कि महिलाओ, जनप्रतिधियों, आमजनता से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। वे स्कूल और अन्य शासकीय कार्यालय का निरीक्षण कर रहे हैं। श्री बघेल ने कहा कि गोधन न्याय योजना से जहां गोपालको को लाभ मिल रहा हैं वहीं 03 हजार से अधिक स्व सहायता समूहों का स्वावलंबी होना गर्व की बात है।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत गोबर विक्रेताओं को अब तक 138.56 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। इससे गौठान से जुड़ी महिला समूहों को 65.54 करोड़ रूपए की आय हुई है। अब तक 03 हजार से अधिक गौठान स्वालंबी हो चुकी हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव एवं समन्वयक गोधन न्याय योजना मिशन आलोक शुक्ला, कृषि उत्पाद आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पोषण आहार मेनू अनुसार सुनिश्चित करें, लापरवाही बरतने पर होगी कार्यवाही - कलेक्टर

**कोरिया।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर शर्मा ने बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पोषण आहार मेनू अनुसार सुनिश्चित करें। सुरक्षित माता एवं बच्चा हमारी प्राथमिकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जहां संस्थागत प्रसव सम्पन्न किये जा रहे हैं, वहां जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती और शिशुवती माताओं को पोषण आहार में साथ अंडा, दूध, फल जैसे पूरक आहार भी ज़रूर मिले। उन्होंने कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में पाया गया, तो कड़ी कार्यवाही होगी।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग,
पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स,
एक्रीलिक रेलिंग,
आर्टिफिसियल ग्रास,
पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# रायपुर में रेड लाइट जंप करना अब पड़ेगा महंगा, 300 की जगह अब 2000 रुपये का भरना होगा जुर्माना

**रायपुर (ए)।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों को भी अब दोगुना जुर्माना भरना पड़ेगा ।दरअसल नए मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक हजार रुपये की जगह अब दो हजार रुपये का भारी भरकम जुर्माना देना होगा। यहीं नहीं आम जनता द्वारा भेजे गए वीडियो फुटेज, फोटोग्राफके आधार पर यातायात पुलिस यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले के नाम पर ई चालान नोटिस घटना का वीडियो फुटेज व फोटोग्राफ्स समेत जारी करेगी।

यातायात डीएसपी सतीश सिंह ठाकुर ने बताया कि राजधानी रायपुर की सुगम यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लिए बुरी खबर है। यातायात पुलिस अब लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए तैयार हो गई हैं। अब रेड सिग्नल जंप करने वाले वाहन चालकों से नए मोटर यान अधिनियम के तहत दो हजार रुपये जुर्माना वसूला जायेगा।

रायपुर के प्रमुख चौक-चौराहों पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की तरफ से लगाए गए सीसीटीवी कैमरा के जरिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। नए मोटर यान अधिनियम के तहत बढ़ी हुई जुर्माने की राशि से के आधार पर ही ई चालान जारी किया जाएगा। रेड लाइट जंप, रांग साइड मूवमेंट, बिना हेलमेट, दो पहिया में तीन सवारी, तेज रफ्तार, स्टाप लाइन का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के नाम पर ई चालान नोटिस जारी की जा रही है। यह नोटिस वाहन चालक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस,



व्हाट्सएप मैसेज, वाइस काल मैसेज और स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी जा रही है।

एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने यातायात पुलिस को रेड लाइट जंप करने और तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए ई चालान की कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए है। नए मोटर यान अधिनियम के तहत बढ़ाए गए जुर्माना राशि को अपडेट करने एनआइसी को पत्र लिखा गया था। इसके बाद रेड लाइट जंप करने पर अब तीन सौ रुपये की जगह दो हजार रुपये, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर एक हजार की जगह दो हजार रूपये जुर्माने राशि अपडेट कर दिया गया है।

यातायात पुलिस ने नई पहल भी शुरू की है। अब आम जनता द्वारा यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालक का फुटेज भेजने पर ई चालान जारी किया जायेगा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने पुलिस लगातार नए प्रयोग कर रही है। यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालक का वीडियो फुटेज या फोटोग्राफ्स दिनांक घटना, समय के साथ आम जनता यातायात पुलिस के व्हाट्सएप नंबर 94791 91234 पर भेज सकती है। शिकायत करने वाले का नाम, पता गोपनीय रखा जाएगा।


### दूसरी बार नियम तोड़ने पर पांच हजार जुर्माना

वाहन चालक इगर रेड लाइट जंप कर आगे निकल जाता है तो उसे दो हजार रुपये जुर्माना भरना पड़ेगा ।इसी तरह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले को भी दो हजार रुपये जुर्माना देना होगा ।जबकि दूसरी बार नियम तोड़ने पर पांच हजार रुपये जुर्माना देना होगा।

### लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने पर खैर नहीं

लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से दूसरों की जान को संकट में डालकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक को भी अब नए मोटर यान अधिनियम के तहत दो हजार रुपये तक जुर्माना देना होगा।

## खास-खबर



### दहेज में पांच लाख लेने के बाद भी पति मांगने लगा रुपये

**बिलासपुर ( ए )।** सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली महिला ने दहेज प्रताड़ना की शिकायत की है। पीड़िता ने बताया कि शादी के दौरान परिवार वालों ने पांच लाख 50 हजार रुपये दहेज में दिए थे। इसके बाद उसके पति और परिवार वालों ने पांच लाख रुपये की मांग करते हुए मारपीट की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मगरपारा में रहने वाली युवती का विवाह एक साल पहले मुंगेली के भारतमाता कालोनी में रहने वाले रजत सोनी से हुआ था। शादी के दौरान युवती के माता-पिता ने दहेज के रूप में उसे पांच लाख र्स्पये दिए। शादी के कुछ दिन बाद मायके चली गई। वहां से लौटने के बाद ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। ससुराल वाल दहेज में फ्रिज, कूलर, सोफा और अन्य सामान नहीं देने की बात कहते हुए प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसके ससुर ने दहेज में पांच लाख रुपये और लाने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। साथ ही उसे कमरे में बंद कर जूठा खाना खाने के लिए देते थे। उसने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को दी। इस पर उसके पिता और परिवार वालों ने ससुराल आकर पति और उसके परिवार वालों को समझाइश दी। इसके बाद भी उनके व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। इस पर महिला ने 23 अप्रैल को इसकी शिकायत महिला थाने में की। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

पीड़िता ने बताया कि महिला थाने में जुर्म दर्ज होने के बाद भी पुलिस आरोपित पति को गिरफ्तार नहीं कर रही है। इस बीच आरोपित रजत सोनी ने न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया। न्यायालय ने आरोपित के जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया है। इसके बाद भी उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। महिला ने इसकी शिकायत एसपी पारुल माथुर से करते हुए आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## पत्नी के पुराने प्रेम प्रसंग को लेकर हुआ विवाद, पति ने गला दबाकर कर दी हत्या

**बिलासपुर ( ए )।** पत्नी के पुराने प्रेम प्रसंग को लेकर पति ने मारपीट की। इसका विरोध करने पर उसने पत्नी का गला दबा दिया। हत्या के बाद वह भागने की फिराक में था। इसी बीच घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। हिर्री क्षेत्र के अटर्रा में रहने वाले इंदल सतनामी(32) और उनकी पत्नी चंदर बाई(28) रोजी मजदूरी करते थे। मंगलवार की रात उनका घरेलू बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। इस पर इंदल ने चंदर बाई के पुराने प्रेम प्रसंग को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। इसका विरोध करने पर वह लाठी से अपनी पत्नी को पीटने लगा। मारपीट के बीच चंदर ने बीच-बचाव के लिए शोर मचाया।



आसपास के लोग मौके पर पहुंचते इससे पहले ही आरोपित इंदल वहां से फरार हो गया था। लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव चीरघर भेज दिया। महिला की मौत के बाद पुलिस की टीम गांव पहुंच गई। पुलिस ने गांव में पूछताछ के बाद पति की तलाश शुरू कर दी। इस बीच वह भागने की तैयारी में था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने पत्नी से मारपीट की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें गला दबाकर हत्या की बात सामने आई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपित को गुर्स्वार की दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### शादी में शामिल होने गए थे घर के बुजुर्ग

गांव में पूछताछ के दौरान पता चला कि चंदर बाई और इंदल के बीच आए दिन विवाद होता था। इस पर इंदल के माता-पिता दोनों को समझाइश देकर शांत करा देते थे। मंगलवार की रात इंदल के माता-पिता रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने गए थे। इस दौरान उनके बीच विवाद शुरू हो गया। घर में समझाइश देने वालों के नहीं होने पर उनके बीच-विवाद बढ़ता गया। इस पर इंदल ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

### बाइक की टक्कर से युवती गंभीर, शिकायत दर्ज

**बिलासपुर ( ए )।** रिवर व्यू ने तेज रफ्तार बाइक के चालक ने सेल्सगर्ल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल युवती को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद घायल की मां ने इसकी शिकायत कोतवाली थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।


### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग दिनांक 27.04.2022

**( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**

**प्रथम आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 17.05.2022 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 09/98550 | पवित्र स्थल चेटुवा धाम वि.ख. बेरला जिला-बेमेतरा में आंतरिक एवं बाह्य सड़क निर्माण कार्य। | 99.32 |
| 10/98551 | बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत बेमेतरा नवांगढ मार्ग के कि.मी. 7/8. 10/8, 13/4 एवं 14/8 में ब्लैक स्पाट मरम्मत कार्य तथा कुसमी एवं खंडसरा उपखंड के विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। | 79.55 |
| 11/98552 | नवांगढ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 78.78 |
| 12/98553 | जिला-दुर्ग वि.ख. पाटन के भिलाई-3 में रेस्ट हाऊस भवन का निर्माण कार्य। | 72.14 |
| 13/98554 | उपसंभाग कवर्धा के अतंर्गत विभिन्न मार्गों (सारंगपुर, दौजरी से नाउछीह, कवर्धा-रहेली-प्रतापपुर, कोडर से सिंघनपुरी मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 14/98555 | खैरागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 15/98556 | छुईखदान उपसंभांग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 16/98557 | डोंगरगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 17/98558 | खैरागढ़ से अमलीपारा से कृषि उपज मंडी होते हुए शनि मंदिर तक मुख्य मार्ग निर्माण कार्य। | 98.13 |

टीप


1. एनआईटी क्रं 09, 10 एवं 11 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग से संबंधित है, एनआईटी क्रं 12 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है, एवं एनआईटी क्रं 13, 14, 15, 16 एवं 17 लोक निर्माण विभाग खैरागढ़ संभाग खैरागढ़ से संबंधित है
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

जी-90861/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876


# डेढ़ करोड़ के लिए पिता का कत्ल: बेटे ने चाचा और बढ़ई के साथ मिलकर मुंह में दारू की बोतल ठूंसी, फिर मार दिया, 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** बिलासपुर में तीन माह पहले हुई अधेड़ व्यापारी की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। उसकी हत्या उसके बेटे और भाई ने की थी। दोनों ने घर में काम करने वाले बढ़ई के साथ मिलकर पहले व्यापारी के मुंह में शराब की बोतल ठूंस दिया था, ताकि वह शोर न मचा पाए। इसके बाद धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी थी। व्यापारी ने जमीन बेच कर डेढ़ करोड़ रुपए रखे थे, जिसके लालच में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। अब पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र का है।





चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक ने बताया कि 31 जनवरी की सुबह परसदा में किराना व्यापारी भगतराम कौशिक (55 साल) की खून से लथपथ लाश उसकी दुकान में मिली थी। हत्या के इस मामले में पुलिस जांच कर रही थी। शुरुआती जांच में पता चला कि व्यापारी भगतराम ने अपनी पैतृक जमीन बेची थी। इससे उसे करीब डेढ़ करोड़ रुपए मिले थे। जांच में उनका पारिवारिक विवाद भी सामने आया। पहले पुलिस को शक था कि किसी बाहरी लोगों ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। लेकिन, सभी पहलुओं पर जांच के बाद शक की सुई भगतराम के परिजनों पर गई, लेकिन पुलिस को ठोस सुराग नहीं मिल रहा था।

### 50 से अधिक रिश्तेदार, परिचित और करीबियों से पूछताछ

जांच के दौरान पुलिस ने व्यापारी के बेटे विशाल और विकास के साथ ही उसके भाई संतोष कौशिक सहित अन्य रिश्तेदारों से भी पूछताछ की थी। भगतराम के करीबी रिश्तेदारों के साथ ही उसके परिचित और 50 अन्य करीबियों से बारीकी से पूछताछ की गई थी। उनके बयान का वीडियो रिकॉर्डिंग भी किया गया। फिर भी पुलिस को कोई कामयाबी नहीं मिल रही थी।

### ब्लर वीडियो, मोबाइल और फूट प्रिंट से खुला राज

जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज मिला था, जिसमें संदेहियों का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था, लेकिन उसमें संदेहियों के चलने के तरीके दिख रहे थे। जांच के दौरान पुलिस ने संदेहियों के चलने के तरीके को देखा। इसके साथ ही मोबाइल लोकेशन और फूट प्रिंट की भी जांच की। लगातार जांच के बाद संदेहियों को चिन्हित किया गया और फूट प्रिंट और उनके चलने के तरीके को बारीकी से परखा गया। तब भगतराम के बड़े बेटे विशाल (28 साल) और भाई संतोष (45 साल) को प्रमुख संदेही मानकर पूछताछ की गई, उनका फूट प्रिंट मिलने पर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की।

आखिरकार, दोनों ने अपराध कबूल किया और बताया कि मृतक भगतराम संयुक्त परिवार चलाता था। पूरे घर का खर्च और हिसाब खुद रखता था। जमीन बेचने के बाद डेढ़ करोड़ रुपए को खुद रखा था। साथ ही पूरे पैसों को घर बनाने में ही खर्च कर रहा था। इस दौरान विशाल और संतोष ने जांजगीर-चांपा के बलौदा के डोंगरी से आकर बढ़ई का काम करने वाले संग्राम यादव (36 साल) के साथ मिलकर भगतराम की हत्या करने की योजना बनाई। हत्या के बाद मकान बनाने का काम बंद हुआ, तब बढ़ई अपने गांव चला गया। इधर, विशाल और संतोष जांच के दौरान पुलिस को गुमराह करते रहे। आखिरकार, अब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस को गुमराह करते रहे चाचा-भतीजा

चकरभाठा थाना प्रभारी मनोज नायक ने बताया कि जांच के दौरान परिजन को ही संदेही माना जा रहा था। लेकिन, विशाल और संतोष ने पूछताछ के दौरान उन्हें गुमराह किया। उसने बताया कि उनकी बुआ से पिता का विवाद चल रहा था। साथ ही दोनों ने पड़ोसियों से विवाद होने की जानकारी दी थी। इसके चलते पुलिस हत्या के इस मामले की जांच में उलझ गई थी। पुलिस को हत्यारों के खिलाफठोस सबूत भी नहीं मिल रहे थे। यही वजह है कि आरोपियों तक पहुंचने में तीन माह लग गया।

### संयुक्त परिवार होने के कारण भी हुई देर

थाना प्रभारी मनोज नायक ने बताया कि मृतक के तीन भाई और दो बहन हैं। इसके साथ ही उसकी मां, दो बेटे और दो बेटियां हैं। संयुक्त परिवार के सदस्यों के साथ ही रिश्तेदारों और करीबियों से पूछताछ करने के बाद भी पुलिस को जब कुछ हासिल नहीं हुआ, तब नए सिरे से परिजन के एंगल से ही जांच की गई और हत्यारों की पहचान हो गई।

























### भिलाई विधायक देवेंद्र की सराहनीय पहल...

# अब विद्यार्थी फ्री में भर सकते हैं ऑन लाइन परीक्षा फार्म

## खुर्सीपार श्रीराम चौक विधायक कार्यालय में खोला च्वाईस सेंटर, फ्री में भरे जा रहे आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने शहर के युवाओं से लेकर आम जनता के लिए एक और सराहनीय पहल किए हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने शहर वासियों के लिए एक ऐसा च्वाईस सेंटर खोला है, जहां ऑन लाइन आवेदन करने के लिए कोई फीस देना नहीं पड़ता है। सभी प्रकार के आवेदन फ्री में भरे जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ही ऐसे पहले विधायक हैं, जिन्होंने यह जनहितैषी पहल की है,जिसकी चर्चा पूरे प्रदेश में हैं।



विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि आने वाले दिनों में कई इंट्रेस एग्जाम होने वाले हैं। हमारे शहर के विद्यार्थियों को इन विभिन्न परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्राइवेट इंटरनेट कैफे में जाकर ऑन लाइन आवेदन करना पड़ता है। जहां उन्हें 200 से अधिक रुपए खर्च करने पड़े है। कई विद्यार्थी ऐस भी होते हैं, जो आर्थिक तंगी के चलते यह फार्म नहीं भर पाते हैं। इसलिए उन्होंने विचार किया कि भिलाई का कोई भी युवक-युवती छात्र-छात्राएं आर्थिक तंगी के कारण किसी भी परीक्षा से वंचित ना हो।

सभी को परीक्षा देने और खुद को साबित करने का मौका मिले। इसलिए उन्होंने खुर्सीपार विधायक कार्यालय में च्वाईस सेंटर खोला है। जहां विद्यार्थी अपने सभी प्रकार के परीक्षाओं से संबंधित आवेदन ऑन लाइन फ्री में भर सकते हैं। यहां उन्हे किसी भी प्रकार की फी देनी नहीं पड़ेगी। ऐसी भी अब परीक्षाओं का दौर शुरू होने वाला है। विद्यार्थी जोरशोर से अपनी तैयारी में जुट गए है। पीईटी से लेकर नीट एग्जाम आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में विधायक च्वाइस सेंटर में जाकर विद्यार्थी अपना आवेदन भर सकते हैं।

### आम जनता भी फ्री में कर सकती है ऑन लाइन आवेदन

विधायक कार्यालय में बने च्वाइस सेंटर में आम नागरिक जो अपना राशनकार्ड, श्रम कार्ड व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं। वे सभी भी इस च्वाईस सेंटर में जाकर फ्री में अपना आवेदन भर सकते हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने क्षेत्र की जनता की सुविधा के लिए च्वाईस सेंटर की शुरूआत की है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार

विधायक देवेंद्र ने मुख्यमंत्री जी का आभार जताया है,श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर व्यापम द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओ के फीस स्थानीय निवासियों से नही ली जा रही जिसका फायदा सभी विद्यार्थियों को हो रहा ।

### जानिए कब कौन सी परीक्षा होगी कब तक कर सकते हैं आवेदन

1. पीपीटी इंट्रेनस एग्जाम 2022
   परीक्षा की तिथि - 29 मई 2022 (रविवार)
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 10.05.2022 (मंगलवार), रात्रि 11:59 बजे तक।
2. बीएससी नर्सिंग इंट्रेनस एग्जाम - 2022
   परीक्षा की तिथि - 19 जून 2022 (रविवार)
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 26.052022 (गुरूवार), रात्रि 11:59 बजे तक।
3. प्री बीए बीएड और प्री बीएससी बीएड- 2022
   परीक्षा की तिथि - 19 जून 2022 (रविवार)
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 26.05.2022 (गुरूवार), रात्रि 11:59 बजे तक।
4. प्री बीईडी और प्री डीईएल ईडी एग्जाम 2022
   परीक्षा की तिथि - 12 जून 2022 (रविवार)
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 22.05.2022 (रविवार), रात्रि 11:59 बजे तक।
5. पीएटी और पीव्हीपीटी - 2022
   परीक्षा की तिथि - 05 जून 2022 (रविवार)
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 15.05.2022 (रविवार), रात्रि 11:59 बजे तक।
6. प्री एमसीए इंट्रेंस एग्जाम-2022
   परीक्षा की तिथि - 29 मई 2022 (रविवार)
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 10.05.2022 (मंगलवार), रात्रि 11:59 बजे तक।
7. नीट एग्जाम 2022
   परीक्षा की तिथि - 17 जुलाई 2022
   ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि - 6 अप्रैल से 15 मई 2022 तक।

### गृहमंत्री के प्रयास से डूबान से मिलेगी मुक्ति

# 95 लाख से शक्ति विहार में बनेगा पानी निकासी का संसाधन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र के पॉश कॉलोनी में शामिल शक्ति विहार के नागरिकों को अब डूबान का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रयास से जल भराव की स्थिति से निपटने 95 लाख खर्च किया जाएगा। इस राशि से बारिश का पानी निकासी करने नाली निर्माण किया जाएगा।

नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन ने स्थल निरीक्षण किया। स्वीकृत ले आउट का अध्ययन कर आवश्यक निर्देश दिए। नितिश अमन साहू को कहा कि वे बारिश के पहले नाली निर्माण कार्य को पूर्ण कराए। ताकि आने वाले बारिश में नागरिकों दिक्कतों का सामना न करना पड़े। स्थल निरीक्षण के समय सहायक अभियंता राजकुमार जैन भी उपस्थित थे। खास बात यह है कि निगम ने हाल ही में कार्य पूर्ण करने वर्क आर्डर भी जारी कर दिया है।



### मंत्री का प्रयास हुआ सार्थक

शक्ति विहार वार्ड 28 का हिस्सा है। यहां बारिश के समय पानी निकासी का साधन नहीं होने की वजह से क्षेत्र टापू बन जाता था। वार्ड के नागरिक लंबे समय से समस्या जूझ रहे थे। क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू इस समस्या का निदान शीघ्र करने आश्वासन दिया था। कृष्णा टॉकिज रोड स्थित राजा स्टील के निकट शक्ति विहार मार्ग में सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण किया जाएगा। बारिश का पानी नाली से होते हुए कृष्णा टॉकिज रोड स्थित बड़े नाली में समाहित होगा।

# बेसहारा डिम्पल का सहारा बने महापौर निर्मल कोसरे, महज 10 दिन के भीतर ली फिर एक बच्ची के पढ़ाई की जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। ईमली बगीचा पारा भिलाई-3 की मासूम बच्ची डिम्पल सोनी अब 12 वीं तक की पढ़ाई बिना किसी अड़चन के पूरी कर लेगी। भिलाई - चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे इस बेसहारा बच्ची का सहारा बने हैं। महापौर ने डिम्पल का शासकीय जनता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश दिलाकर 12 वीं कक्षा तक लगने वाले शिक्षा के खर्च को वहन करने का संकल्प लिया है। महज 10 दिन के भीतर यह दूसरा मौका है जब महापौर ने किसी बेसहारा बच्ची के पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है।



महापौर निर्मल कोसरे की मुलाकात वार्ड क्रमांक 8 महामाया पारा भिलाई-3 के ईमली बगीचा पारा निवासी 11 वर्षिया डिम्पल सोनी से शासकीय जनता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हुई। इस स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी की प्रक्रिया में शामिल होने महापौर पहुंचे थे। तभी डिम्पल सोनी रोते हुए महापौर के करीब पहुंची तो उन्होंने प्यार और स्नेह के साथ रोने की वजह पूछी। डिम्पल ने जो बताया उससे महापौर निर्मल कोसरे का मन मस्तिष्क द्रवित हो उठा।

दरअसल, डिम्पल की मां का विगत दिनों ब्लड कैंसर से निधन हो चुका है। जब वह छोटी थी तभी उसके पिता पिता भूपेंद्र सोनी अचानक कहीं चले गए तो फिर दुबारा घर नहीं लौटे। इस तरह कम उम्र में ही माता पिता के छत्रछाया से वंचित हो चुकी डिम्पल अपने भविष्य को लेकर सशंकित है। वह पढ़ लिखकर अपना भविष्य गढ़ना चाहती है। लेकिन माता पिता के नहीं रहने से उसके मन में अपनी पढ़ाई को लेकर रह रहकर सवाल उभरते हैं। इन्हीं सवालों का उत्तर नहीं मिलने से महापौर को देख उसके आंसू फूट पड़े।

महापौर निर्मल कोसरे ने मासूम डिम्पल को भरोसा दिलाया कि वे 12 वीं तक पढ़ाई का जिम्मा हर हाल में उठाएंगे। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने महापौर की सहृदयता के लिए उन्हें साधुवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में महापौर निर्मल कोसरे ने एमआईसी सदस्य एस. वेंकट रमना के सहयोग से देवबलोदा की बेसहारा बच्ची 4 साल की प्रतिज्ञा यादव को ज्योति विद्यालय चरोदा में प्रवेश दिलाकर 12 वीं तक की पढ़ाई का खर्च उठाने की घोषणा की है।

# फायटोराइट पद्धति के उपयोग से कोसानगर गौठान के तालाब में हो रहा मछली पालन, महिलाएं मछली पालन कर हो रहीं आत्मनिर्भर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहरी गौठान कोसानगर इन दिनों स्वसहायता समूहों के लिए आजीविकमूलक का साधन बना हुआ है। यहां गोबर से खाद आदि बनाने के साथ ही इसका कैंपस का उपयोग मछली पालन के लिए भी किया जा रहा है। स्वसहायता समूह की महिलाएं गौठान में मछली पालन कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

महापौर नीरज पाल शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत गौठान में मछली पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गौठान में आजीविका मूलक गतिविधियों के तहत मछली पालन के लिए हरसंभव संसाधन जुटाए हैं। गौठान में इन दिनों फायटोराइट पद्धति के उपयोग से मछली पालन



की शुरूआत की गई है। इसके लिए बनी डबरी को विस्तार रूप देते हुए तालाब का रूप दिया गया। यहां अंबर स्वसहायता समूह की महिलाएं मछली पालन कर सक्षम होने की ठानी हैं। गौठान में बीएसपी से आने वाले गंदे पानी को उपयोग में लाकर उसे सदुपयोगी बनाया गया है। गंदे पानी को टैंक में लाकर इकट्ठा किया जा रहा है। उसके बाद इस गंदे पानी को अलग-अलग खंडों से गुजारा जा रहा है, जहां गंदा पानी फाइटोराइट विधि से शुद्ध हो रहा है। समूह की महिलाओं ने बताया कि इस पद्धति में गंदे पानी को पहले संपवेलनुमा टैंक में लाया जा रहा है। उसके बाद खंड व घेरानुमा सूखे टंकी में पत्थर रखा गया है व उनमें जलीय पौधे लगाए गए हैं। इन जलीय पौधों से गुजरते वक्त गंदा पानी का शुद्धिकरण हो रहा है। यह शुद्ध पानी साफ टंकी में संचित हो रहा है, उसके बाद यह पानी तालाब में मछली पालन के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। समूह की महिलाओं ने तालाब में पानी भरने के पूर्व उसमें खाद व मुर्गी की पोटी डाली है। तालाब में तलबिया मछली का बीज डाला गया है। तालाब में खाद से बनी काई मछलियों के पलने-बढ़ने में सहायक हो रही है। काई व मुर्गी की पोटी उनके चारे के रूप में काम आ रही है। साथ ही उनके ग्रोथ के लिए चारे के रूप में 20 दिनों की आड़ में सरसो खली भी डाली जा रही है।

ये मछलियां गर्मी के सीजन में तीन महीने पूरी तरह ग्रोथ हो जा रही है। वहीं बरसात के दिनों में ये 6-7 महीने में ग्रोथ हो रही हैं। आयुक्त प्रकाश सर्वे समय-समय पर मछली पालन का निरीक्षण कर रहे हैं व महिलाओं को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रहे है।

# आयुक्त सुबह निरीक्षण में पहुंचे फरीद नगर मैदान, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। किसी भी शहर की पहचान वहां की स्वच्छता से होती है। महापौर नीरज पाल स्वच्छता मामले में निगम क्षेत्र को अव्वल बनाए रखने व शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए निर्देशित दे रखा है। आज सुबह भिलाई निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे वार्ड 11 जुनवानी मार्ग कोहका के मैदान पहुंचे।

वहां उन्होंने ट्रेचिंग ग्राउंड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि कचरा निष्पादन किए जाने के बाद भी झिल्ली-पन्नी मैदानभर में इधर-उधर बिखरे पड़े हैं। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और स्वास्थ्य



अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक को स्पॉट पर नियमित रूप से सही ढंग से सफाई कराने के निर्देश दिए। सफाई में लापरवाही न हो, इस पर विशेष ध्यान देने कहा। इसके बाद आयुक्त वार्ड 1 खम्हरिया श्मशान घाट पहुंचकर वहां सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। यहां पर भी परिसर में गंदगी पसरी हुई थी, झिल्ली-पन्नी बिखरे हुए थे। स्वच्छता निरीक्षक को स्वच्छता कर्मियों से नियमित साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया। वहीं समीप स्थित एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण कर वहां चल रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने गदा चौक से मॉल तक की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण कर नियमित सफाई के निर्देशि दिए। निर्देश के बाद स्वच्छता निरीक्षक ने स्वच्छता कर्मियों से तत्काल सफाई शुरू करवाई। साथ ही परिसर के पास नियमित सफाई के लिए कहा। उन्होंने खम्हरिया तालाब का निरीक्षण कर उसका जलस्तर देखा और तालाब परिसर के समीप फैली गंदगियों की सफाई करने कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पार्षद महेश वर्मा, जोन एक सहायक स्वास्थ्य निरीक्षक कमलेश द्विवेदी व सुपरवायजर चंदन शर्मा आदि मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव के माध्यम से राज्य सरकार की गिनाई खामियां

# कहा- तीन साल में भिलाई को साफ पानी मिला ना ही बिजली बिल हाफ हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने आज फेसबुक लाइव के माध्यम से राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक पर भिलाईवासियों को गुमराह करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भिलाईवासियों को बिजली आधे दाम पर देने की बात कह रहे हैं वे लोग पिछले तीन सालों से न तो भिलाई में दो वक्त का पानी नहीं दिला पाए और न ही साफ पानी उपलब्ध करा पाए। उन्होंने भिलाईवासियों से आव्हान किया कि ऐसे लोगों के बहकावे में न आयें।



श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, इस्पात सचिव से मिलकर सीएसपीडीसीएल को भिलाई टाउनशिप में बिजली व्यवस्था संभालने देने की मांग किये हैं। इसके पीछे उन्होंने भिलाई टाउनशिप के लोगों को राज्य सरकार द्वारा घोषित 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा करने का लाभ नहीं मिल पाना बताया। जिसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को अपने लाइसेंस को डि लाइसेंसी करवाना पड़ेगा।

इस षड्यंत्र में भी कुछ लोग हिमायती बनकर सामने आ रहे हैं और हुडको का उदाहरण सामने रख रहे हैं। आधे दाम में बिजली देने की बात कहकर भिलाई के विधायक, कांग्रेस सरकार और बीएसपी के कुछ अधिकारी मिलकर यह षड्यंत्र रच रहे हैं ताकि भिलाई टाउनशिप को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। जबकि सीएसपीडीसीएल आज भी चाहे तो आधे दाम पर बिजली दे सकती है।

### साफ पानी नहीं दिला पाए, लोगों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

श्री पाण्डेय ने कहा कि बीएसपी टाउनशिप में लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा। बीएसपी के अधिकारी ये कहते हैं कि इरिगेशन विभाग साफपानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा। पिछले एक साल से लोगों को 40-50 रूपए प्रति कैन के हिसाब से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इतना ही नहीं पटरीपार के लोगों के लिए जहां नल- जल योजना के तहत लगभग 450 करोड़ रूपए खर्च करके व्यवस्था बनाई गई, वहां भी टैंकरों की लाईन लगी रड़ी है। कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी से भागती है और इसे दूसरों पर थोपती है।

### पाईपलाईन का संधारण कराना ज्यादा जरूरी

श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रबंधन यदि सीएसपीडीसीएल को 116 करोड़ रूपए देना चाहती है तो इससे पहले वे भिलाई टाउनशिप में वर्षों पुरानी जर्जर पेयजल की पाईप लाईन को सही कराए। लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

### वादा करना आता है, निभाना नहीं

श्री पाण्डेय ने इन भ्रमित करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ये लोग चुनाव के वक्त लीज दिलाने का वादा किये थे लेकिन आज न तो वो वादा है और न ही वो लोग जो लीज-लीज का नारा लिये घूमा करते थे। आश्चर्य है कि ओए के एक वरिष्ठ पदाधिकारी भी इन्हीं की भाषा बोलते हैं। दुर्भाग्य की बात है कि केम्प में 170 लोगों की झोपड़ियां जल गई, जिनके लिए हमने मुख्यमंत्री सहायता निधि से प्रत्येक परिवार को 2 लाख रूपए देने की मांग की थी। यह राशि कुल 3 करोड़ 40 लाख ही होती लेकिन इन लोगों ने यह कोशिश भी नहीं की और सिर्फलोगों को गुमराह करते चले आ रहे है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950